मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 220
मंगलवार, 25 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

# कचरे के स्रोत पर ही उसे अलग करना पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, 24 फरवरी।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि कचरे के स्रोत पर ही उसे अलग करना पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के राज्यों से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के अनुपालन के बारे में भी पूछा।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 2016 के नियमों का पालन न करने से देश के सभी शहर प्रभावित हुए हैं। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, एक आदेश में हमने पाया है कि सभी स्मार्ट सिटी परियोजनाएं प्रगति पर हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन के बिना शहर स्मार्ट कैसे बन सकते हैं?



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दिल्ली के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ जिले शामिल हैं। अदालत ने कहा कि यदि कचरे को सही तरीके से अलग नहीं किया गया, तो कचरे से ऊर्जा बनाने वाली परियोजनाएं भी अधिक प्रदूषण पैदा करेंगी।

प्रदूषण मामले में न्यायमित्र एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने एनसीआर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का उल्लेख किया तथा कम मात्रा में अपशिष्ट को अलग किये जाने पर चिंता जताई। अपराजिता सिंह ने कहा कि अपशिष्ट को अलग-अलग न करके उसे सीधे अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों में भेजने से प्रदूषण बढ़ता है। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, जैसा कि न्यायमित्र ने सही कहा है, कचरे के स्रोत पर ही उसका पृथक्करण पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि उचित पृथक्करण नहीं होगा, तो अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने वाली परियोजनाएं भी अधिक प्रदूषण पैदा करेंगी। एनसीआर राज्यों को सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा 2016 के नियमों के प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में हलफनामा दायर करने का आदेश दिया गया।

# सपा ने किया आस्था से खिलवाड़, बनाया एक गैर-सनातनी को कुंभ मेले का प्रभारी : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 24 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री के पास कुंभ की समीक्षा करने का समय नहीं था और एक गैर सनातनी को इसका प्रभारी बनाया गया था। विधानसभा में अपने संबोधन में आदित्यनाथ ने कहा, हमने आपकी (सपा) तरह आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं किया है। आपके समय में मुख्यमंत्री के पास आयोजन को देखने और समीक्षा करने का समय नहीं था, इसलिए उन्होंने एक गैर सनातनी को कुंभ का प्रभारी नियुक्त किया था।



आदित्यनाथ 2013 में आयोजित कुंभ का जिक्र कर रहे थे जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे और उन्होंने मोहम्मद आजम खान को कुंभ मेले का प्रभारी बनाया था। योगी आदित्यनाथ ने कहा, लेकिन यहां मैं खुद कुंभ की समीक्षा कर रहा था और अब भी कर रहा हूं। यही कारण है कि 2013 में जो भी कुंभ में गया, उसने अव्यवस्था, भ्रष्टाचार, प्रदूषण देखा। तब गंगा, यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में नहाने लायक पानी नहीं था। मॉरीशस के प्रधानमंत्री इसका उदाहरण हैं जिन्होंने स्नान करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा, इस बार लगातार लोग आ रहे हैं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति वहां आए। भूटान नरेश आए, दुनिया के सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष वहां आए। सभी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया। उन्होंने कहा कि पहली बार उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, सभी जगहों के लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और उन्होंने इसे सफल बनाया।

# विजेंद्र गुप्ता बने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष

**नई दिल्ली, 24 फरवरी।** रोहिणी से बीजेपी विधायक विजेंद्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा गुप्ता का नाम प्रस्तावित किये जाने के बाद उन्हें ध्वनि मत से विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। उनकी उम्मीदवारी का बीजेपी के मनजिंदर सिंह सिरसा ने समर्थन किया। उनके निर्वाचित होने के बाद, सीएम रेखा और विपक्ष की नेता (एलओपी) आतिशी सदन की परंपरा के अनुसार उनके साथ आसन तक गए।

रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी भाजपा उम्मीदवारों के बीच सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने 37,000 से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की। हालांकि, तुरंत बाद



में अअढ विधायकों ने दिल्ली विधानसभा के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आरोप लगाया कि सीएम कार्यालय से डॉ. बीआर अंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हटा दी गई हैं। इसको स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने गैरजिम्मेदाराना बताया।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह एक शिष्टाचार संबोधन था। आपको इसे राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। विपक्ष नहीं चाहता कि सदन सुचारू रूप से चले। आप सदन को बाधित करने के इरादे से आई है। सदन की गरिमा बनाए रखें। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले दिन में, एलजी वीके सक्सेना ने प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली को शपथ दिलाई, जिन्होंने आठवीं विधानसभा के पहले सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण सुबह 11 बजे शुरू हुआ और सबसे पहले सीएम रेखा शर्मा ने शपथ ली। उनके बाद उनके मंत्रिमंडल के अन्य मंत्री और अन्य भाजपा, आप विधायक भी थे।

# पीएम मोदी ने जारी की किसान सम्मान की 19वीं किस्त

**भागलपुर, 24 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर जिले से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने भागलपुर से पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त के तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि महाकुंभ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था भी है, विरासत भी है और विकसित भारत का सामर्थ्य भी है। ये शहीद तिलका मांझी की धरती है और सिल्क सिटी भी है।



नरेंद्र मोदी ने कहा कि बाबा अजगैबीनाथ की इस पावन धरा पर इस समय महाशिवरात्रि की भी तैयारियां चल रही हैं। ऐसे पवित्र समय में, मुझे पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। उन्होंने दावा किया कि मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, महिला और नौजवान! एनडीए सरकार, चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है। मोदी ने कहा कि किसान को खेती के लिए अच्छे बीज चाहिए, पर्याप्त और सस्ती खाद चाहिए, सिंचाई की सुविधा चाहिए, पशुओं का बीमारी से बचाव चाहिए और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वो इन स्थितियों को कभी नहीं बदल सकते हैं। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले जब बाढ़ आती थी, सूखा पड़ता था, ओले पड़ते थे... तब ये लोग (पहले की सरकारें) किसानों को उनकी हाल पर छोड़ देते थे। 2014 में जब आपने ठऊअ को आशीर्वाद दिया तो मैंने कहा, ऐसा नहीं चलेगा। ठऊअ सरकार ने 'पीएम फसल बीमा योजना' बनाई, इस योजना के तहत पौने दो लाख करोड़ रुपये का क्लेम किसानों को आपदा के समय मिल चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। इससे किसानों को उनकी उपज की ज्यादा कीमत मिलने लगी है। कई कृषि उत्पाद ऐसे हैं, जिनका पहली बार निर्यात शुरू हुआ है। अब बारी बिहार के मखाने की है। ये सुपर फूड है, जिसे अब दुनिया के बाजारों तक पहुंचाना है। इसलिए इस वर्ष के बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा कि मखाना बोर्ड का जल्द ही गठन किया जाएगा, इससे बिहार के किसानों को लाभ मिलेगा।

## दिल्ली पुलिस ने 31 करोड़ रुपये के घोटाले में प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार किया

**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 31 करोड़ रुपये के दक्षिण दिल्ली संपत्ति सौदा घोटाला के में कथित धोखाधड़ी के लिए एक प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ईओडब्ल्यू) ए. गुगुलोथ ने एक बयान में कहा कि आरोपी रविंदर बैंसला ने अपनी कंपनी बैंसला हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कथित तौर पर खुद को संपत्ति के मालिक अशोक कुमार के प्रतिनिधि के रूप में गलत तरीके से पेश किया। बयान में कहा गया है, भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 और 120बी के तहत दर्ज मामला 14 जून, 2024 को अनुराग बाजपेयी के माध्यम से मेसर्स एनर्जी बिल्डिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत पर दर्ज किया गया था। बैंसला ने शिकायतकर्ता को दिल्ली के समालखा में 31 करोड़ रुपये में एक भूखंड बेचने की पेशकश की और कानूनी विवादों को सुलझाने और खाली कब्जा देने का वादा किया। शिकायतकर्ता ने दिसंबर 2021 और फरवरी 2022 के बीच सौदे के लिए 3.7 करोड़ रुपये का भुगतान किया। हालांकि, बैंसला अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे और बाद में हुए समझौता ।

# कौशांबी में बस पलटने से 19 तीर्थयात्री घायल

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के कड़ाधाम क्षेत्र में सोमवार को एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार मध्यप्रदेश के 19 तीर्थयात्री घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि मध्यप्रदेश के सागर और दमोह जिलों के श्रद्धालु एक बस से अयोध्या से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज आए थे और चित्रकूट जा रहे थे। सूत्रों के अनुसार कड़ा धाम क्षेत्र में लेहदरी गांव के पास सम्भवतः चालक को झपकी आ जाने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई।



सूत्रों का कहना है कि इस घटना में 19 यात्री घायल हो गए। उन्हें कड़ा धाम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां से उनमें से 12 को गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल ले जाया गया।

# डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज, 24 फरवरी।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि यहां आना एक अद्भुत अनुभव है। यह आस्था और सद्भाव की भूमि है। हमने आज त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई है। यह महाकुंभ पवित्र है और 144 साल बाद हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यहां व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। खुद सीएम समेत यूपी सरकार की पूरी टीम इसमें लगी हुई है। मैं पीएम मोदी को भी उनके विजन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।



शिंदे ने कहा कि यहां का महाकुंभ बहुत अद्भुत है। यह सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का महाकुंभ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस सुव्यवस्थित आयोजन के लिए मैं उन्हें धन्यवाद दूंगा।









# महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?



-ललित गर्ग

महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा?

प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्त्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया



को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया, क्योंकि वे हिंदू आस्था पर जानबूझकर प्रहार ही कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि महाकुंभ भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अच्छा हो कि विपक्षी नेता यह समझें कि ऐसे आयोजनों पर उनकी बेजा एवं बेतूकी टिप्पणियां उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान ही पहुंचाती हैं। हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। ऐसे लोग भूल जाते है कि हिन्दू भारत का बहुसंख्य वर्ग है, भारत एक हिन्दू राष्ट्र है, उसका विरोध करते हुए वे अपनी राजनीति जमीन को ही खोखला करते हैं। मोदी-योगी एवं भाजपा विरोध करते हुए वे राष्ट्र एवं सनातन विरोध पर उतर आते हैं। हिन्दू पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते है, जो धर्म एवं संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, विश्व मानवता को जोड़ने वाली है, उस पर कीचड़ उछाल कर वे सछिद्र नाव में सवार है। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं।

महाकुम्भ कोई नया आयोजन नहीं है, बल्कि यह वैदिक परंपरा से चला आ रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद और श्रीमद्भागवत महापुराण में भी इसका उल्लेख है। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इसे संकीर्ण राजनीतिक नजरिए से देखना अनुचित है। विपक्षी दलों के बयान ना सिर्फ. उनके सनातन विरोधी चरित्र को दिखाता हैं बल्कि उनकी गिद्धदृष्टि को भी उजागर करता है जो महाकुंभ के खिलाफ दुष्प्रचार की आंधी से हिन्दू धर्म एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा एवं षडयंत्र है। यह सनातन धर्म पर प्रहार न केवल निंदनीय है बल्कि शर्मनाक भी है। जबकि विदेशों से आये मेहमानों ने महाकुंभ के भव्य, व्यवस्थित एवं सफल आयोजन की भरपूर सराहना की है, इटली से आए एक श्रद्धालु ने कहा, यहां आकर जो मेरा अनुभव है, वह काफी शानदार रहा है। इटली के ही एक फोटोग्राफर ने कहा कि वह महाकुंभ की तस्वीरें लेने आए हैं। कुंभ में घूमने के दौरान कुछ लोगों से मिलने का मौका मिला। मुझे भारत की विविधता काफी अच्छी लगती है। उन्होंने बताया कि वह अब तक पांच कुंभ मेलों में शामिल हो चुके हैं, लेकिन यह उनमें सबसे बेहतर है। ब्रिटेन से आई एक श्रद्धालु ने कहा, बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है। यह काफी जादुई लगता है। बहुत, बहुत अच्छा, एक प्यारा अनुभव। ब्रिटेन के ही एक अन्य श्रद्धालु ने कहा कि यहां गंगा नदी में स्नान का अनुभव काफी अच्छा है। मैं समझता हूं कि भारत सबसे बढ़िया देश है। इस तरह भारत के गौरव को बढ़ाने वाली इन टिप्पणियों से न केवल महाकुंभ बल्कि सनातन संस्कृति का दुनिया में परचम फहराया है बल्कि उसमें चार चांद लगे हैं।

# 1971 के बाद पहली बार पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधा व्यापार



अशोक भाटिया

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बदलते संबंधों का भारत पर क्या असर पड़ेगा ?

1971 के बाद पहली बार पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधा व्यापार शुरू हुआ है। इस नए व्यापारिक संबंध के तहत, पहली बार पाकिस्तान का एक जहाज सरकारी माल लेकर बांग्लादेश के खेप पोर्ट कासिम से बांग्लादेश के लिए रवाना हुआ। फरवरी की शुरूआत में, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच एक समझौता हुआ, जिसके तहत बांग्लादेश ने ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ पाकिस्तान के माध्यम से 50 हजार टन पाकिस्तानी चावल खरीदने का निर्णय लिया।सूत्रों के मुताबिक पहली बार सरकारी माल ले जाने वाला पाकिस्तानी जहाज बांग्लादेशी बंदरगाह पर उतरेगा। इस चावल आयात को दो फेज में पहुंचाया जाएगा। पहली खेप में 25 हजार टन चावल भेजा जाएगा और दूसरी फेज में भी 25 हजार टन ही चावल भेजा जाएगा। इन दो खेप को मिलाकर कुल 50 हजार टन चावल ?का आयात किया जाएगा।वर्तमान में बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार सत्ता में है। यूनुस के सत्ता में आने के बाद से ही बांग्लादेश पाकिस्तान से नजदीकियां बढाए जा रहा है। दोनों देश न केवल व्यापारिक बल्कि सैन्य सहयोग भी बढ़ाने में जुटे हैं।

इसी के मद्देनजर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश को लेकर शनिवार को एक इवेंट के दौरान एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को तय करना होगा कि वह भारत के साथ कैसा रिश्ता चाहते है? जयशंकर ने बांग्लादेश के हालिया रवैये को लेकर कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि एक तरफ आप कहें कि अच्छे संबंध चाहते हैं, दूसरी ओर हर बात के लिए हमें जिम्मेदार ठहराएं। उन्होंने कहा कि भारत ने साफ संदेश दिया है कि हम पड़ोसी से अच्छे संबंध चाहते हैं, लेकिन यह अप्रोच दोतरफा होनी चाहिए।दरअसल, युनूस प्रशासन के आने के बाद बांग्लादेश से भारत के संबंधों में तेजी से बदलाव आया है। शेख हसीना के प्रत्यर्पण से लेकर बॉर्डर पर फेंसिंग के मसले तक बांग्लादेश और भारत असहज डिप्लोमेसी में उलझे हैं। दिक्कत सिर्फ इतनी भर नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि अब पाकिस्तान धीरे-धीरे बांग्लादेश के करीब आने की कोशिश कर रहा है, जो कि उसकी दीर्घकालीन विदेश नीति से अलग पोजिशन है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भले ही यह कहा हो कि ऐसी गतिविधियों पर नजर बनी हुई है, लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तान जिस तेजी के साथ एक-दूसरे के साथ राजनयिक लेवल पर इंगेज हो रहे हैं, यह भारत के लिए नई सिरदर्दी साबित हो सकता है। पाकिस्तान के खुफिया विभाग आई एस आई के डायरेक्टर जनरल ऑफ एनालिसिस मेजर जनरल शाहिद आमिर अफसर की बांग्लादेश यात्रा या पाकिस्तान के एक्सरसाइज अमान में बांग्लादेशी नेवी वॉरशिप का शामिल होना, दोनों देशों के बीच काफी तेजी से बढ़ रही नजदीकी गतिविधियां दिखाता है।

पाकिस्तान और बांग्लादेश की नजदीकी से भारत के पूर्वोत्तर हिस्सों में चरमपंथी गतिविधियों को लेकर भारत के लिए सुरक्षा चिंताएं पैदा होना स्वाभाविक है। एक खतरा आतंकवाद को लेकर है, जिसकी ओर जयशंकर ने इशारा भी किया है।अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार राजीव डोगरा कहते हैं कि बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों को जिस तरह का प्रोत्साहन हाल के वक्त में दिखा है, अगर उसे रोका नहीं गया तो यह यहीं थमने वाला नहीं है। इन तत्वों का फैलाव पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, इराक तक भी पहुंच जाएगा। अगर इसी तरह चरमपंथियों को छूट मिलती रही तो इसका असर दूसरे देशों पर पड़ने का डर है।

पड़ोसी देश बांग्लादेश में मस्क के स्टारलिंक के आने की चर्चाए जोरों पर हैं। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार युनुस ने मस्क से इस सर्विस को जल्द लॉन्च करने की इच्छा जताई है। भारत में यह सेवा अभी शुरू नहीं हो पाई है, सरकार की ओर से कुछ दिन पहले कहा गया था कि कंपनी को पहले सुरक्षा संबंधित मानकों पर खरा उतरना होगा। ऐसे में अगर बांग्लादेश में यह सर्विस लॉन्च हो जाती है तो सुरक्षा संबंधित चिंताओं से बेफिक्र नहीं हुआ जा सकता है।

गौरतलब है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद नई दिल्ली और ढाका के बीच रिश्तों में खटास बढ़ती जा रही है। मोहम्मद यूनुस के आते ही हजारों हिंदुओं को हिंसा का सामना करना पड़ा, जिससे हालात और बिगड़ गए। अब बांग्लादेश उस देश से नजदीकी बढ़ा रहा है, जिसे भारत में दुश्मन की नजरों से देखा जाता है। हाल की घटनाओं से जाना जा सकता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान धीरे-धीरे करीब आ रहे हैं। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ सीधी फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है। पाकिस्तान में बांग्लादेश के उच्चायुक्त ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, मोहम्मद इकबाल हुसैन ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गहरे और ऐतिहासिक संबंधों पर जोर दिया तथा यात्रा और संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम से पर्यटन, शिक्षा और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। हालांकि, सीधी उड़ानों के लिए कोई समयसीमा घोषित नहीं की गई। बांग्लादेश में, शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हाल में बांग्लादेश के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने पाकिस्तान का दौरा किया था और रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावना तलाशने के लिए शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक की थी।

पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच बढ़ती भागीदारी अब भारत के क्षेत्रीय प्रभाव के लिए एक चुनौती पेश करती है। आईएसआई प्रतिनिधिमंडल के ढाका पहुंचने से कुछ ही दिन पहले, सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन के नेतृत्व में एक बांग्लादेशी सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने 13 से 18 जनवरी तक रावलपिंडी पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान का केंद्र का दौरा किया था। पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ अपने बढ़ते संबंधों को क्षेत्र में एक रणनीतिक संतुलन के रूप में देखता है। जो भारत के निगाह से ठीक नहीं है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले ही पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं इससे पहले, पाकिस्तानी माल को श्रीलंका, सिंगापुर या मलेशिया में तीसरे पक्ष के बंदरगाहों के माध्यम से भेजा जाता था, जिससे रसद में देरी होती थी और लागत बढ़ जाती थी। सितंबर 2024 में एक और बड़ा कदम उठाया गया जब बांग्लादेश ने व्यापार दक्षता पर इसके नकारात्मक प्रभाव का हवाला देते हुए पाकिस्तान से आयातित वस्तुओं के 100 प्रतिशत अनिवार्य भौतिक निरीक्षण को समाप्त कर दिया। ये उपाय दोनों पक्षों की ओर से वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ाने के लिए एक मजबूत इरादे का संकेत देते हैं, जो परंपरागत रूप से मामूली रहे हैं। कूटनीतिक मोर्चे पर, दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच बातचीत अक्सर और उद्देश्यपूर्ण रही है। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने दो उल्लेखनीय अवसरों पर मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की। पहली बार सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में और फिर दिसंबर में काहिरा में डी-8 शिखर सम्मेलन के दौरान। दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और डेंगू संकट से निपटने के लिए रणनीतियों का विस्तार करने पर जोर दिया, जो दोनों देशों में एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय रहा है। यूनुस ने 1971 के युद्ध से उपजे लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के समाधान पर भी जोर दिया, इस बात पर जोर देते हुए कि उन्हें ₹भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बार और हमेशा के लिए₹ निपटाने की जरूरत है। जवाब में शहबाज शरीफ ने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान इन ऐतिहासिक विवादों को सुलझाने के तरीके तलाशेगा। 1971 के क्रूर मुक्ति संग्राम के बाद से ऐतिहासिक रूप से अलग-थलग पड़े दोनों राष्ट्र - जिसमें पाकिस्तानी सेना पर लगभग तीन मिलियन लोगों के नरसंहार और 2,00,000 बंगाली महिलाओं का उल्लंघन करने का आरोप है। लेकिन अब वहां से मेल-मिलाप के संकेत मिल रहे हैं।

भारत के नजरिए से, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच नई गर्मजोशी चिंता का विषय है। बता दें कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में अब तक भारत का सबसे करीबी सहयोगी रहा है, जिसके साथ गहरे आर्थिक संबंध हैं। इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और क्षेत्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से इसकी निकटता को देखते हुए, उग्रवाद को नियंत्रित करने में बांग्लादेश का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। 1990 और 2000 के दशक के दौरान, कई भारत विरोधी आतंकवादी समूहों को बांग्लादेश में पनाह मिली, उन्होंने हथियारों की तस्करी और विद्रोहियों की भर्ती के लिए इसकी 4,000 किलोमीटर लंबी सीमा का इस्तेमाल किया। शेख हसीना की सरकार ने इन तत्वों पर काफी नकेल कसी थी, जिससे भारत का विश्वास अर्जित हुआ और द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए। हसीना के नेतृत्व में, बांग्लादेश और भारत ने 2014 के समुद्री सीमा समझौते और 2015 के भूमि सीमा समझौते सहित प्रमुख विवादों को भी सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया। बांग्लादेश के अधिक स्वतंत्र विदेश नीति की ओर बढ़ने की संभावना - जिसमें पाकिस्तान के साथ संबंधों को फिर से प्रज्वलित करना शामिल है। अगले महीने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की ढाका की अपेक्षित यात्रा है, जो कि 2012 के बाद पहली बार होने जा रही है। ये यात्रा भारत के लिए असहजता खड़ी कर सकती है। हालांकि, बदलते कूटनीतिक ज्वार के बावजूद, बांग्लादेश व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग के लिए भारत पर बहुत अधिक निर्भर है। अपनी वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक नाजुकता को देखते हुए, बांग्लादेश भारत को पूरी तरह से अलग-थलग करने का जोखिम नहीं उठाएगा।

बांग्लादेश की नई सरकार का पाकिस्तान के प्रति पहले की तमाम सरकारों से बिल्कुल ही अलग दिख रहा है। यही वजह है कि दोनों देशों की सेनाएं लगातार एक दूसरे के साथ बैठक कर अपने संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। इसी कड़ी में कुछ दिन पहले बांग्लादेश की सेना के वरिष्ठ अधिकारी पाकिस्तान के रावलपिंडी गए थे। इसके बाद पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रक के कई बड़े अधिकारी बीते दिनों ढाका आए थे। इस दौरे में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने बांग्लादेशी सेना के वरिष्ठ अधिकारी से बात की और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा की। कई दशकों से बांग्लादेश से भारत के संबंध बेहतर रहे हैं ऐसे में बांग्लादेश की पाकिस्तान से बढ़ती नजदीकियों पर भारत भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार बांग्लादेश और पाकिस्तानी सेना की बैठकों और उसके बाद पैदा होने वाला हालात पर भारत की पैनी नजर है और भारत किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है।

# दिल्ली-राजस्थान से लेकर यूपी तक की विधान सभाओं में हंगामा



-अजय कुमार

यह अफसोसजनक है कि लोकसभा और राज्यसभा की तरह तमाम राज्यों की विधानसभाएं भी सत्ता और विपक्ष के जोर आजमाइश का अड्डा बनते जा रहे है,जिस कारण से जनहित के कई फैसलों पर निर्णय नहीं हो पाता है। हाल यह है कि राजस्थान में कांग्रेस,बीजेपी सरकार के खिलाफ इस लिये सड़क पर उतरी हुई है क्योंकि बीजेपी के एक मंत्री ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को दादी कह दिया।इसी प्रकार दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता रेखा गुप्ता की चार दिन पुरानी सरकार को इसलिये घेर रहे हैं क्योंकि बीजेपी ने महिलाओं को ढाई हजार रुपए देने वाले वादे को अभी तक पूरा नहीं किया है।वही उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता इस लिये विधान सभा नहीं चलने दे रहे हैं क्योंकि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विधान सभा में चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कह दिया था कि आपकी पार्टी के नेता कहते हैं कि लड़कों से गलती हो जाती है,उन्हें फांसी पर तो नहीं लटका दिया जायेगा। बृजेश पाठक ने किसी नेता का नाम नहीं लिया,लेकिन क्योंकि यह बात कभी सपा के पूर्व प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने एक जनसभा के महिलाओं के बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर अपने विचार रखने के दौरान कही थी। इसलिये समाजवादी आग बबूला हो गये।विधान सभा में हंगामा खड़ा कर दिया कि नेताजी को अपमान बर्दाशत नहीं करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना लगातार समाजवादी नेताओं से पूछ रहे हैं कि बताएं नेताजी का क्या अपमान किया गया है। यदि उनकी बात सही होगी तो वह मंत्री जी से माफी मंगवायेंगे,लेकिन समाजवादियों को हंगामे के अलावा कुछ रास नहीं आ रहा है। बता दें उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र 2025 चल रहा है। आज 24 फरवरी को बजट सत्र के दौरान मुलायम सिंह के नाम पर हंगामा हो गया।दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नप्रहर में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मुलायम सिंह की कही गई बात पर तंज कसते हुए कहा कि लड़के हैं गलती हो जाती है इस बात को कितने सपा सदस्य मानते हैं। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। विधानसभा में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की टिप्पणी पर सपा सदस्यों ने वेल में आकर धरना दिया। सपा सदस्य नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सपा सदस्यों को बार-बार चेतावनी देते रहे पर सपाइयों का हंगामा जारी रहा। दरअसल, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के बयान पर सपा सदस्यों से पूछा था कि क्या उनकी बातों पर अमल करेंगे। नारेबाजी कर सपा सदस्यों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पर अमर्यादित टिप्पणी की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ब्रजेश पाठक पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले सपा सदस्यों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। सपा विधायक सदन वेल में धरने पर बैठ गए हैं। इससे पहले शुक्रवार 21 फरवरी को प्रश्न प्रहर में सपा की सदस्य डॉ. रागिनी और माता प्रसाद के सवाल पर मुख्यमंत्री योगी सपा पर खूब बरसे थे। सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपका बयान आपके नेता जैसा है। समाजवादी पार्टी के सदस्यों को कि जिस तरह इनके नेता कहते हैं कि भारत विकसित देश नहीं बन सकता, वैसे ही यह भी दुर्भावनावश ऐसा कह रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सही लग रहा है कि सपाई जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश वर्ष 2029 तक वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य हर हाल में हासिल कर लेगा। इसके लिए सरकार ने सभी विभागों को दस सेक्टर में बांट कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी है। हर पंद्रह दिन में विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इसकी समीक्षा करते हैं।

# चुनौती है बढ़ता तापमान, बदलता वायुमंडलीय पैटर्न



-प्रियंका सौरभ

पृथ्वी की जलवायु को नियंत्रित करने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक ध्रुवीय क्षेत्रों में तैरती समुद्री बर्फ की मात्रा है। हालाँकि, बदलते वायुमंडलीय पैटर्न और बढ़ते तापमान के कारण, यह घटकर 15-76 मिलियन वर्ग किमी के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर आ गया है। वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है, समुद्री धाराएँ अशांत हो रही हैं, तथा इस गिरावट के कारण चरम मौसम की घटनाएँ और भी बदतर हो गई हैं। दुनिया भर में चरम मौसम की घटनाएँ पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन से प्रभावित हो रही हैं। भीषण वन्य आग, वर्षों तक चलने वाला सूखा, भारी वर्षा, भयंकर बाढ़, भूमि और समुद्र में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की लहरें, तथा तूफानों के दौरान व्यापक बाढ़ की आवृत्ति और तीव्रता सभी बढ़ रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से, मानवीय गतिविधियों विशेष रूप से जीवाश्म ईंधनों के जलने के कारण ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता में तीव्र वृद्धि हुई है। मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसें एक कम्बल की तरह काम करती हैं, जो गर्मी को रोक लेती हैं और जैसे-जैसे उनकी सांद्रता बढ़ती है, पृथ्वी को गर्म करती हैं। परिणामस्वरूप पृथ्वी पर हवा और महासागर गर्म हो जाते हैं। भूमि पर बर्फ पिघलती है, मौसम का पैटर्न बदलता है, तथा जल चक्र इस तापमान वृद्धि से प्रभावित होता है, जिससे चरम मौसम की स्थिति और खराब हो जाती है। जलवायु परिवर्तन हमारे समाज को अनेक तरीकों से प्रभावित करता है।

सूखे से मानव स्वास्थ्य और खाद्य उत्पादन पर असर पड़ सकता है। बाढ़ से बुनियादी ढांचे और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँच सकता है और बीमारी फैल सकती है। खाद्य उपलब्धता में परिवर्तन और श्रमिक उत्पादकता को सीमित करने के अलावा, सूखा, बाढ़ और अन्य मौसम सम्बंधी घटनाओं के कारण उत्पन्न मानव स्वास्थ्य समस्याएँ भी मृत्यु दर को बढ़ाती हैं। हमारी परिवहन और संचार प्रणालियों के भौतिक बुनियादी ढांचे में सड़कें, पुल, बंदरगाह, विद्युत ग्रिड, ब्रॉडबैंड इंटरनेट और अन्य घटक शामिल हैं। इसे अक्सर कई वर्षों तक चलने के लिए डिजाइन किया जाता है। इसलिए अधिकांश समुदायों में बुनियादी ढांचे का निर्माण जलवायु परिवर्तन पर विचार किए बिना किया गया था। वर्तमान बुनियादी ढांचा हवा, बर्फ, बाढ़, भारी बारिश या तापमान में उतार-चढ़ाव जैसी गंभीर मौसम स्थितियों को संभालने में सक्षम नहीं हो सकता है। इन घटनाओं के प्रभाव कई अलग-अलग रूप ले सकते हैं। उदाहरण के लिए, उच्च तापमान के कारण घर के अन्दर अधिक ठंडक की आवश्यकता होती है, जिससे ऊर्जा ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है। अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वर्षा के कारण आने वाली बाढ़, जो तूफानी जल निकासी क्षमता से अधिक होती है, प्रमुख मार्गों, व्यवसायों और राजमार्गों को बंद कर सकती है। समुद्र स्तर में वृद्धि के कारण तटीय अवसंरचना, जैसे जल आपूर्ति, सड़कें, पुल और बहुत कुछ, खतरे में हैं। चूंकि बहुत-सी आबादी तटीय क्षेत्रों में रहती है, अतः इससे होने वाले जोखिम से लाखों लोग प्रभावित होंगे। इसके अलावा, समुद्र स्तर में वृद्धि से तटीय कटाव और उच्च ज्वार के कारण बाढ़ आ सकती है। शोध से पता चलता है कि कुछ समुदाय वर्ष 2100 तक समुद्र तल पर या उससे नीचे पहुँच जाएंगे। अब यह उन पर निर्भर करेगा कि वे क्या करें। प्रबंधित वापसी नामक प्रक्रिया के दौरान, समुदाय संभवतः तटरेखा से दूर चले जाएंगे और अपने बुनियादी ढांचे में बदलाव करेंगे। समुद्री बर्फ में वैश्विक गिरावट के लिए मुख्य रूप से महासागरीय ऊष्मा परिवहन ज़िम्मेदार है। जब गर्म महासागरीय धाराएँ ध्रुवीय क्षेत्रों में प्रवेश करती हैं, तो समुद्री बर्फ आधार पर तेजी से पिघलती है। अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सकुर्लेशन (एएमओसी) द्वारा गर्म पानी आर्कटिक में लाया जाता है, जो बर्फ की स्थिरता को कम करता है। ये जलवायु पैटर्न समुद्री और वायुमंडलीय स्थितियों के साथ-साथ बर्फ के निर्माण और पिघलने की दर को भी प्रभावित करते हैं। 2015-2016 की अल नीनो घटना ने समुद्र के तापमान में वृद्धि करके अंटार्कटिका के समुद्री बर्फ को रिकॉर्ड निम्न स्तर पर पहुँचा दिया। बड़े ज्वालामुखी विस्फोटों से एरोसोल निकलते हैं, जिनमें अस्थायी रूप से वायुमंडल को ठंडा करने की क्षमता होती है, लेकिन वे दीर्घकालिक रूप से महासागरों के गर्म होने में भी योगदान देने वाले कारक हो सकते हैं। 2022 के हंगा टोंगा विस्फोट से जल वाष्प समताप मंडल में छोड़ा गया, जिससे समय के साथ वार्मिंग प्रभाव में संभावित रूप से वृद्धि हुई। अधिक शक्तिशाली तूफानों के कारण नाजुक समुद्री बर्फ टूट जाती है, जिससे पिघलने और समुद्री धाराओं के कारण उसके प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती है। 2024 में बेरेंट्स और बेरिंग सागर में तूफानों के कारण बर्फ टूट जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप आर्कटिक सागर में बर्फ का आवरण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर पहुँच जाएगा। मीथेन औरकार्बन डाईऑक्साइड वायुमंडल में ऊष्मा को रोकते हैं, जिससे वैश्विक तापमान बढ़ता है और ध्रुवीय बर्फ पिघलने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। औद्योगिक क्रांति के कारणकार्बन डाईऑक्साइड के स्तर में नाटकीय वृद्धि के कारण, आर्कटिक समुद्री बर्फ 1981 से प्रति दशक 12-2% की दर से घट रही है। महासागर का अम्लीकरण और वायुमंडलीय तापमान में वृद्धि कोयला, तेल और गैस के जलने से निकलने वाले प्रदूषकों के कारण होती है। आर्कटिक प्रवर्धन वह प्रक्रिया है जिसके तहत औद्योगिक गतिविधियों से उत्पन्न ऊष्मा-अवशोषित उत्सर्जन के कारण आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना अधिक तेजी से गर्म हो जाता है। जब वन नष्ट होते हैं, तो कम कार्बन अवशोषित होता है और जब शहर बढ़ते हैं, तो अधिक गर्मी बरकरार रहती है, जो वायुमंडलीय परिसंचरण को प्रभावित करती है। समुद्री बर्फ का क्षरण और वैश्विक तापमान वृद्धि अप्रत्यक्ष रूप से अमेजन में वनों की कटाई के कारण होती है, जिससे कार्बन अवशोषण में कमी आती है। आर्कटिक क्षेत्र में ड्रिलिंग और बढ़ती समुद्री गतिविधियाँ समुद्री बर्फ के पारिस्थितिकी तंत्र को बाधित करती हैं और प्रदूषण तथा गर्मी पैदा करती हैं, जो स्थानीय तापमान में वृद्धि में योगदान करती हैं। इस क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की खोज के बाद आर्कटिक क्षेत्र में हुई तीव्र गति से इस तंत्र को और अधिक बल मिलने के परिणामस्वरूप ध्रुवीय बर्फ को अधिक क्षति पहुँची है। पृथ्वी पर समुद्री बर्फ कम होने पर महासागर अधिक गर्मी अवशोषित करते हैं, जिससे एल्बिडो या परावर्तकता कम हो जाती है, तथा तापमान और भी अधिक बढ़ जाता है। आर्कटिक के घटते एल्बिडो प्रभाव के कारण जलवायु परिवर्तन में तेजी आई है, जिसके कारण ध्रुवीय क्षेत्र शेष विश्व की तुलना में दोगुनी तेजी से गर्म हो रहे हैं। बर्फ पिघलने से निकलने वाला ताजा पानी लवणता को कम करता है और गहरे समुद्र में परिसंचरण को धीमा कर देता है, जिसका जलवायु विनियमन पर प्रभाव पड़ता है। कमजोर हो रहे अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सकुर्लेशन (एएमओसी) से हिंद महासागर क्षेत्र, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में मौसम के पैटर्न में बदलाव आने की संभावना है। अप्रत्यक्ष रूप से, समुद्री बर्फ पिघलने से भूमि आधारित बर्फ की चादरों के पिघलने की गति बढ़ जाती है, जिससे दुनिया भर में समुद्र का स्तर बढ़ जाता है। जब सारी बर्फ पिघल जाएगी, तो ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर समुद्र के स्तर को लगभग 23 फीट तक बढ़ा देगी। तापमान में परिवर्तन के कारण तूफान, सूखा और गर्म लहरें बढ़ रही हैं, जिससे वायुमंडलीय परिसंचरण प्रभावित हो रहा है। जेट स्ट्रीम आर्कटिक बर्फ के पिघलने से प्रभावित होती है, जिसके कारण उत्तरी अमेरिका और यूरोप में लंबे समय तक गर्म लहरें चलती हैं। समुद्री बर्फ के पिघलने से खाद्य श्रृंखलाएँ गड़बड़ा जाती हैं, जिससे मत्स्य पालन और समुद्री जीवन खतरे में पड़ जाता है, जो ठंडे पानी के आवासों पर निर्भर रहते हैं। संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहा है, क्योंकि अंटार्कटिका में क्रिल की आबादी घट रही है तथा ध्रुवीय भालू और सील अपने शिकार के मैदान खो रहे हैं। वैश्विक समुद्री बर्फ में खतरनाक गिरावट को रोकने के लिए जलवायु कार्यवाही निर्णायक होनी चाहिए। ध्रुवीय संहिता जैसे वैश्विक जलवायु संकल्पों को मजबूत करके, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देकर तथा भू-इंजीनियरिंग पहलों को वित्तपोषित करके बर्फ की हानि को कम किया जा सकता है। अनुकूली नीतियों और बेहतर ध्रुवीय निगरानी से जलवायु लचीलापन बढ़ेगा। एक टिकाऊ भविष्य उत्सर्जन को कम करने और ग्रह के नाजुक क्रायोस्फीयर की रक्षा करने के लिए सभी के दृढ़ संकल्प पर निर्भर करता है। कई समुदायों में जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए तैयारी का अभाव है। वैज्ञानिक इस बात पर शोध कर रहे हैं कि वर्तमान और भविष्य में जलवायु परिवर्तन से समुदायों पर किस प्रकार प्रभाव पड़ रहा है, तथा वे सर्वोत्तम तरीकों का सुझाव दे सकते हैं। भविष्य में जलवायु सम्बंधी जोखिमों को झेल सकने वाले लचीले बुनियादी ढांचे में निवेश करना समुदायों के लिए महत्त्वपूर्ण है। हमारे समाज के सभी सदस्यों, जिनमें शिक्षक, जोखिम संचारक, आपातकालीन प्रबंधक और नगर नियोजक शामिल हैं, को इस बारे पर्यावरणीय शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। पर्यावरणीय शिक्षा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति सीख सकता है कि जलवायु परिवर्तन के लिए कैसे तैयार रहा जाए।

# हिजाब में परीक्षा देने से रोकने पर 10 छात्राओं ने छोड़ दी परीक्षा

**अजीम सिद्दीकी**

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र में यूपी बोर्ड की परीक्षा के पहले दिन एक अजीब वाकया हुआ। हिजाब पहनकर हाईस्कूल की परीक्षा देने आई छात्राओं को रोका गया और हिजाब उतारकर परीक्षा देने को कहा गया। छात्राओं का चेहरा दिख रहा था, इसलिए उन सभी ने हिजाब उतारने से इनकार कर दिया। ऐसे में केंद्र व्यवस्थापक ने उन्हें परीक्षा देने से रोक दिया। इस घटनाक्रम में 10 छात्राओं की परीक्षा छूट गई और उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा प्रथम पाली में थी। खेतासराय स्थित मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल का सेंटर खुदौली स्थित सर्वोदय इण्टर कॉलेज में पड़ा था। चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को अन्दर प्रवेश दिया जाने लगा। स्कूल प्रशासन ने इस दौरान कुछ छात्राओं को हिजाब उतारने को कहा। छात्राओं ने इसका विरोध किया तो उनको परीक्षा में सम्मलित होने से रोक दिया गया। छात्राओं के अभिभावकों का कहना है कि पहचान के लिए चेहरा खुला




होने के बावजूद हिजाब हटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। हिजाब न निकालने पर परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। अभिभावकों के मुताबिक स्कूल प्रशासन से विनती की गई कि महिला शिक्षक से चेक कराने के बाद हिजाब पहने रहने की अनुमति दी जाए। परीक्षा कक्ष में चेहरा खुला रहेगा।

आरोप है कि बार बार कहने के बाद भी केन्द्र व्यवस्थापक ने 10 छात्राओं को परीक्षा देने से रोक दिया। परीक्षा से वंचित छात्राओं में गुरैनी निवासी जैनब, फातिमा, मरियम, नायमा पुत्री अब्दुर्रहीम, उम्मेखौला, रुश्दा पुत्री अहमदुल्लाह, जुबिया पुत्री अहमद वासीम, हुमैरा पुत्री अहमद नईम, सिद्दीका पुत्री अहमद शमीम, काशिफा पुत्री तुफेल शामिल हैं। इस सम्बंध में पूछे जाने पर केन्द्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गुप्ता ने इस घटना से इनकार किया। फि लहाल मामला जहां क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं परीक्षा से वंचित छात्राओं और अभिभावकों में गुस्सा देखने को मिला।

# महाशिवरात्रि में घर बैठे स्पीड पोस्ट से प्राप्त करें सोमनाथ, काशी विश्वनाथ और महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का प्रसादः केके यादव

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। महाशिवरात्रि में शिव आराधना की विशेष महिमा है। हर किसी की इच्छा होती है कि वह भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। परन्तु कुछ श्रद्धालु चाहकर भी दर्शन नहीं कर पाते। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे सोमनाथ मंदिर, गुजरात, काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी और महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त जानकारी उत्तर गुजरात एवं सौराष्ट्र और कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी। साथ ही महाशिवरात्रि में डाकघरों से गंगाजल की सुविधा भी उपलब्ध है। 250 मिली की गंगाजल बोतल मात्र 30 रुपए में ली जा सकती है। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि सोमनाथ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को घर बैठे प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु भारतीय डाक विभाग से एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत कोई भी श्रद्धालु मैनेजर, सोमनाथ ट्रस्ट, प्रभास पाटन, जिला- जूनागढ़, गुजरात-362268 को ?270 का ई-मनीऑर्डर भेजकर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद मँगा सकता है। ई-मनीऑर्डर पर 'प्रसाद के लिए बुकिंग' अंकित करना होगा। तदोपरांत सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा संबंधित श्रद्धालु को 400 ग्राम का प्रसाद का पैकेट स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जायेगा। इस प्रसाद में 200 ग्राम बेसन लड्डू, 100 ग्राम तिल की चिक्की और 100 ग्राम मावा की चिक्की रहेगी।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद भी देश भर में स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत मात्र 251 रुपए का ई-मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी (पूर्वी) मंडल-221001 के नाम भेजना होगा। ई-मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग द्वारा तत्काल दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जायेगा। भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कृष्ण कुमार



यादव ने बताया कि प्रसाद में काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग की छवि, महामृत्युंजय यंत्र, शिव चालीसा, 108 दाने की रुद्राक्ष की माला, बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, भभूति, रक्षा सूत्र, रुद्राक्ष मनका, मेवा, मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल हैं।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि उज्जैन के प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर का प्रसाद भी डाक द्वारा मंगाया जा सकता है। इसके लिए मैनेजर, स्पीड पोस्ट सेण्टर, उज्जैन को 251 रुपए का ई-मनीआर्डर करना पड़ेगा और इसके बदले में वहाँ से स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाता है। इस प्रसाद में 200 ग्राम लड्डू, भभूति और भगवान महाकालेश्वर जी का चित्र शामिल है। डाक विभाग ने इस बात के भी प्रबंध किए हैं कि, भक्तों को मोबाइल नंबर पर स्पीड पोस्ट का विवरण एसएमएस के माध्यम से मिलेगा। इसके लिए भक्तों को ई-मनीऑर्डर में अपना पूरा पता, पिन कोड और मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य होगा।

## बाबा विश्वनाथ को आज लगेगी हल्दी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में फाल्गुन मास की कृष्णपक्ष की चतुर्दशी पर 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर शिव-पार्वती विवाह के पूर्व उत्सव का क्रम सोमवार से विश्वनाथ मंदिर के टेढ़ीनीम स्थित पूर्व महंत आवास पर शुरू हो जाएगा। बाबा के रजत विग्रह के समक्ष हल्दी तेल के लोकाचार में काशीवासियों के साथ ही महाकुम्भ से लौटे साधु-संन्यासी भी शामिल होगे। संध्याबेला में शिव को हल्दी लगाई जाएगी। गवनहारिनों की टोली जुटेगी। यह रस्म विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी के निधन के बाद पहली बार उनकी पत्नी मोहिनी देवी के सानिध्य में पुत्र पं. वाचस्पति तिवारी निभायेंगे। *अबकी 27 को निकलेगी शिव बारात* महा कुंभ के पलट प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर शिव बारात महाशिवरात्रि के 1 दिन बाद 27 फरवरी को निकली जाएगी यह जानकारी शिव बारात के संरक्षक मंडल के सदस्यों ने दी इस बार बारात का मुख्य आकर्षण महाकुंभ पर केंद्रित झांकी होगी लाइट एंड साउंड सिस्टम पर मसाने की होली की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी पदाधिकारीयों ने बताया बारात दारानगर महामृत्युंजय मंदिर शाम 6:00 बजे आरंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए चितरंजन पार्क राजेंद्र प्रसाद घाट पहुंचेगी बारात के संयोजक दिलीप सिंह ने बताया शिव बारात का 43 वर्षों का इतिहास रहा है कभी किसी से कोई चंदा नहीं लिया जाता है।

# ट्रेन के सामने कूदकर व्यक्ति ने दी जान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत कोतवाली क्षेत्र के गद्दीपुर गांव में ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना रविवार शाम लगभग 7:00 बजे की है इसी गांव के निवासी सुरेंद्र कुमार यादव पुत्र रामसूरत यादव उम्र लगभग 28 वर्ष मुफ्तीगंज रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे लाइन के किनारे काफी देर तक बैठा रहा। जैसे ही सवारी गाड़ी गुजर रही थी कि उसी समय ट्रेन के सामने कूद गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस व्यक्ति के ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या करने का मामला पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा का विषय बना हुआ है।

# रेखा बनीं महिला संघर्ष समिति की अध्यक्ष और प्रभा महासचिव

मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के नई बाजार में स्थित नागा बाबा की कुटी पर रविवार शाम को हिन्दू इण्टर कॉलेज मुक्त मोर्चा समिति व सयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से सयुक्त बैठक हिन्दू इंटर कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नागा बाबा की समाधि पर पुष्प अर्पित कर किया गया। महिला कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस कमेटी रेखा सिंह को संघर्ष समिति का अध्यक्ष, प्रभा गौतम महासचिव व करिश्मा गौतम को उपाध्यक्ष सर्व सम्मति से बनाया गया। हिंदू हाई स्कूल सोसायटी की पांच बीघा जमीन को वापस दिलवाने व अवैधानिक ढंग से चल रही प्रबंध समिति को निरस्त करवाने पर चर्चा हुआ। ज्ञापन व धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई। अध्यक्षता कर रहे पूर्व अपर महानिदेशक व संघर्ष समिति के अध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय ने कहा कि एक महामना हिंदू काशी विश्वविद्यालय खोला तो दूसरा



मुंगराबादशाहपुर का मालवीय 25 वर्ष की अवस्था में यमुना प्रसाद गुप्त ने ब्रिटिश हुकूमत के दौरान सन् 1923 में हिंदू इंटर कालेज स्थापित कर इतिहास के पन्नों में अविस्मरणीय हो गए। इस कालेज के मुद्दे को तत्कालीन पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल द्वारा विधानसभा में उठाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। भाकियू के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव ने नागा बाबा की समाधि पर कालेज को भ्रस्टाचाररियों से मुक्त कराने की संकल्प दिलाई। समिति के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए भ्रस्टाचार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। महासचिव पूर्व नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्त राजू ने आगुंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन विधिक सलाहकार चन्द्रशेखर शुक्ल ने किया।

मुख्य रूप से भाकियू जिलाध्यक्ष युवा विंग के सुनील कुमार यादव, माता प्रसाद ऊमर वैश्य, संदीप केसरी, राकेश कुमार गुप्त, राधेश्याम मल्लू, नवल किशोर गुप्त, आशोक कुमार विश्वकर्मा, राजदेव गौतम, लाल बहादुर पाल, अवनीश कुमार सिंह, सीता राम पटेल, डाँ धर्मराज पटेल, राज कुमार पटेल व वरिष्ठ पत्रकार, बृजेश कुमार गुप्त आदि रहे।

# विश्वविद्यालय में जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र का हुआ भूमि पूजन, पीएम उषा के अंतर्गत शोध के लिए बनेगा केंद्र

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्विषयक जल एवं ऊर्जा शोध



केंद्र सेंटर के निर्माण हेतु कुलपति प्रो. वंदना सिंह के द्वारा सोमवार को परिसर में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. वंदना सिंह ने कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी. एस. के अधिकारियों को प्रोजेक्ट टाइम लाइन को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह शोध केंद्र ऊर्जा एवं जल के क्षेत्र मे शोध कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत 20 करोड रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत इंट्रडिसीप्लिनरी सेंटर फॉर वॉटर एंड एनर्जी रिसर्च की स्थापना किया जाना है। इस शोध केंद्र में भारत सरकार की ऊर्जा एवं जल की प्राथमिकता को केंद्रित करते हए शोध कार्यों किए जाने है। शोध केंद्र के अंतर्गत सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा, थर्मोइलेक्ट्रिक, बैटरी एवं जल के क्षेत्र में विशेष रूप से शोध किया जाएगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, उप कुलसचिव अजीत सिंह, रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद यादव, पीएम-उषा प्रोजेक्ट के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र, सह-समन्वयक डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. नितेश जायसवाल आदि के साथ विकास अनुभाग के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सल्तनत बहादुर महाविद्यालय में प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र स्थित सल्तनत बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में समापन समारोह



का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक श्याम सिंह एवं प्राचार्य प्रो.सुनील प्रताप सिंह ने कैम्प का निरीक्षण करते हुए रोवर्स रेंजर्स की तैयारियों और व्यवस्थित सजावट की प्रशंसा किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी डॉ.कर्मचन्द यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर का निरीक्षण कराया। विशिष्ट अतिथिगण महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.ब्रजेन्द्र सिंह, प्रो.धीरेंद्र कुमार पटेल, डॉ.ओम प्रकाश दुबे(चीफ प्राक्टर), डॉ. संतोष सिंह, डॉ.विनय दुर्गेश, डॉ.अशेष उपाध्याय, डॉ.तिलक, डॉ.अभिषेक गौरव, राजुल सिंह ने शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। रेंजर्स प्रभारी डॉ.रेखा मिश्रा एवं प्रशिक्षक सुनील व सोनम गुप्ता ने शिविर का संचालन किया। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक सुनील सिंह, लेखाकार ऋतुपर्ण सिंह, रामजीत यादव, दिनेश रावत, शैलेश विश्वकर्मा, राकेश खरवार, सूरज मौर्या, सृष्टि सिंह, पवन यादव, रितेश गौतम, आशुतोष, सचिन, श्रेया, काजल, अनामिका, शिखा सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## कुंभ से स्नान कर लौट रही महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के निकट ढाबे के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कुंभ से स्नान कर लौट रही महिला की मौत हो गई है। बिहार प्रांत के जनपद सिवान थाना दरौली बुजुर्ग गांव निवासी भृघनाथ माली अपनी पत्नी लालमणि देवी उम्र लगभग 68 वर्ष के साथ कुंभ से स्नान करके घर वापस लौट रहे थे। जिस बस पर यह लोग सवार थे उस बस के चालक ने मछलीशहर से लगभग 2 किलोमीटर दूरी पर बस को खड़ी कर दिया। बस में सवार श्रद्धालुओं ने भोजन आदि कार्य करने लगे। इस समय श्रद्धालुओं ने चालक से कुछ घंटे आराम करने के लिए कह दिया। बस का अचानक एक किनारे सो गया। उसी समय लालमणि देवी शौच करने के लिए सड़क पार करने लगी इस समय सड़क से गुजर रहे एक वाहन की चपेट में आ गई। साथ में रहे लोगों ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले आए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मिजार्पुर में बड़ा हादसा, महाकुंभ से वाराणसी जा रहे 4 श्रद्धालुओं की मौत, तीन घायल

मिजार्पुर(उत्तरशक्ति)। मिजार्पुर में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शनिवार देर रात लालगंज-मिजार्पुर रोड पर तुलसी गांव स्थित किसान ढाबा के पास हुआ। आसपास के दुकानदार भागकर घटनास्थल पर पहुंचे और कार में फंसे घायलों को बचाने में जुट गए। हादसा इतना भीषण था कि अर्टिगा कार पूरी डैमेज हो गई। आगे सीट पर बैठे लोग कार की बॉडी में चिपक गए। आसपास के दुकानदार भागकर घटनास्थल पर पहुंचे और कार में फंसे घायलों को बचाने में जुट गए। पुलिस ने कार के पार्ट्स काट कर घायलों को बाहर निकाला और हॉस्पिटल भिजवाया। मरने वाले श्रद्धालु तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के यात्रियों का वाहन प्रयागराज से संगम स्नान कर लौट रहा था। वाहन की रफ्तार तेज थी। वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## व्यापारियों को भी पेंशन मिलना चाहिएः राधेरमण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कलेक्ट्रेट स्तिथि प्रेक्षागृह में आयोजित केंद्रीय बजट संगोष्ठी के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला जी को जौनपुर नगर उद्योग व्यापार



मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री जी को संबोधित चार सूत्री मांगों का ज्ञापन मुख्य अतिथि महोदय को दिया, जिसमें व्यापारियों को रिटायरमेंट के बाद पेंशन योजना, इनकम टैक्स के तर्ज पर जीएसटी में भी फेस लेस व्यवस्था लागू की जाए, जीएसटी में भी सेल्फ असेसमेंट व्यवस्था लागू किया जाए तथा जिन व्यापारियों ने आजीवन देश के विकास में सहयोग करते हुए इनकम टैक्स- जीएसटी इत्यादि कर जमा किया है उन्हें 60 वर्ष के बाद उस कर का कुछ परसेंटेज किश्तों में वापस दिया जाए, मुख्य अतिथि द्वारा भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय बजट में व्यापारियों को दिए गए सूबेदार सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने मुख्य अतिथि से इस ज्ञापन को प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी तक भेजने का निवेदन किया, ज्ञापन देने वालों में मुन्ना लाल अग्रहरि, मनोज कुमार साहू, अमर जौहरी, अनिल वर्मा, आशीष गुप्ता, अनिल मद्धेशिया, विमल भोजवाल,यशवंत साहू, अमित निगम, डीके अग्रहरि,विकास शर्मा, सचिन सोनी, विजय अग्रहरि,शरद साहू, रमेश श्रीवास्तव, अश्वनी बैंकर, तीर्थराज गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अब शाहगंज में स्टेपलर गन से पाइल्स का इलाज संभवः डॉ.अभिषेक

**विशाल सोनी,** शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पाइल्स (बवासीर) से परेशान मरीजों के लिए अच्छी खबर है।जिन मरीजों को पाइल्स के आपेरेशन के लिए झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर मे अपना सेहत और पैसा दोनों बर्बाद होता था अब ऐसा नही है। नगर के जौनपुर रोड अक्खनसराय स्थित अनीता हॉस्पिटल एंड लेप्रोस्कोपिक सेंटर के डायरेक्टर डाक्टर अभिषेक रावत ने बताया की अब हमारे हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड द्वारा पाइल्स का स्टेपलर गन द्वारा बिना दर्द के सफल किया जाता है।और इस मे मरीज को मात्र दो से तीन घण्टे में डिस्चार्ज कर दिया है।श्री रावत ने कहा की अभी तक नगर में चीरा विधि से ही पाइल्स का आपेरेशन किया जाता था जो बहुत महंगा और जटिल होता था और खर्च भी अधिक आता है।इस आपेरेशन की खासियत है की इस आपेरेशन मे मरीज अगले दिन से अपने दिन चर्या का हर काम कर सकता है।



# अर्थव्यवस्था के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्णः प्रो.वंदना सिंह

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा नांदी फाउन्डेशन एवं महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए आठ दिवसीय रोजगार कौशल, एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स, प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होने जा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 में देश की आधी आबादी यदि कौशल विकास में आगे आएगी तो देश की समृद्धि के साथ-साथ परिवारों की उन्नति और समृद्धि भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता करनी चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो अविनाश पाथर्डीकर ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया। नांदी फाउंडेशन की प्रशिक्षक आस्था द्विवेदी ने कहा कि नांदी फाउंडेशन देश में कई इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि विश्वविद्यालय में इसके सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही देखने को मिलेंगे। तकनीकी सत्र के दौरान छात्राओं ने प्रशिक्षण से जुड़ी अपनी उत्सुकता व्यक्त की और इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को साक्षात्कार तकनीक, संचार कौशल, करियर मार्गदर्शन, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का विकास करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आचार्य प्रोफेसर मानस पांडे ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. जाह्नवी श्रीवास्तव, प्रो. रवि प्रकाश, डॉ.पीसी यादव, प्लेसमेंट सेल के कर्यालय प्रभारी श्याम त्रिपाठी, छात्र सदस्य आदित्य पांडे, दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, श्रेया मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय, आयुष गुप्ता समेत कई छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन मडियाहूं का हुआ शपथ ग्रहण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में मडियाहूं ब्लॉक का शपथ ग्रहण समारोह किया गया। जिसमें अलख निरंजन गौतम को ब्लॉक अध्यक्ष मडियाहूं की जिम्मेदारी दी गई। मुकेश कुमार यादव को ब्लाक महासचिव, सनी कुमार ब्लॉक संचालन प्रभारी, राजकमल मंगला मीडिया प्रभारी, दीपक कुमार ब्लॉक संयोजक, अरविंद कुमार ब्लॉक कोषाध्यक्ष, रितिक कुमार ब्लॉक संरक्षक, नीरज कुमार ब्लॉक संगठन प्रभारी, फिरोज खान कार्यकारिणी सदस्य, शक्ति कुमार कार्यकारिणी सदस्य, मान सिंह कार्यकारिणी सदस्य, हृदेश कुमार कार्यकारिणी सदस्य, ओमकार गौतम कार्यकारिणी सदस्य, अभिषेक कुमार कार्यकारिणी सदस्य, मनीष कुमार कार्यकारिणी सदस्य, सुमित कुमार कार्यकारिणी सदस्य, आदर्श कुमार कार्यकारिणी सदस्य, अभिषेक कुमार कार्यकारिणी सदस्य, प्रदीप कुमार कार्यकारिणी सदस्य, सुनील कुमार कार्यकारिणी सदस्य, दीपक कुमार कार्यकारिणी सदस्य, सुंदरम गौतम कार्यकारिणी सदस्य, रिशु भास्कर कार्यकारिणी सदस्य, शशांक कुमार कार्यकारिणी सदस्य, इन सभी लोगों को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम की




शुरूआत प्रदेश सचिव विनय जायसवाल ने अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प सुमन अर्जित करके की और कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एक ऐसा संगठन है जो संविधान के अंतर्गत दिए गए मनुष्य के अधिकारों की रक्षा करता है। यह संगठन समाज के हर एक वर्ग का चाहे वह उच्च जाति का हो.चाहे वह निम्न जाति का हो.सबके अधिकारों की रक्षा करता है। अगर आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो कोई आपको बिना वजह परेशान कर रहा हो। कोई आपका सही ढंग से कार्य न कर रहा हो। आपका उत्पीड़न हो रहा हो आप हर एक जगह जाकर परेशान हो रहे हो। तब पर भी आपका कार्य नहीं हो रहा हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यकर्ता से आप संपर्क करें वह आपका कार्य अपना समझ कर करेंगे। जहां भी आप सभी लोगों को हमारे संगठन की जरूरत होगी। हमारे संगठन का हर एक कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़ा मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन रितेश मोदनवाल ने किया। ब्लॉक अध्यक्ष अलख निरंजन गौतम ने आए हुए सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया और कहा कि जहां भी हमारी जरूरत होगी हम आपके साथ खड़े रहेंगे।

इस अवसर पर राज जायसवाल, अंकित मौर्य, रितेश मोदनवाल, अनिल वर्मा, चंद्रेश जायसवाल, विष्णु सोनी, अर्जुन प्रजापति, विशाल सोनी, अमित सोनी, प्रदीप उपाध्याय, सुरेश सेठ, राम रतन सेठ, विशाल सोनी, चंदन दयाशंकर भारती, रमेश कुमार, सुजीत कुमार इत्यादि लोग लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# खतराः टूटे खम्भे के सहारे की जा रही विद्युत आपूर्ति

**निशानाथ**

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के बरंगी गाँव में बिजली विभाग टूटे पोल के सहारे बिजली सप्लाई की जा रही है। जो हादसे का सबब बना हुआ है। मजे की बात यह है कि उक्त गाँव में जहाँ बिजली विभाग पोल टूटा है वहाँ से चन्द कदम की दूरी पर सोंगर विद्युत उपकेंद्र भी है। फिर भी किसी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ी, ऐसा में क्या बिजली विभाग किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएँ व्याप्त है। जानकारी के अनुसार बरंगी से अमरेथुआ गाँव जाने वाले मार्ग पर माइनर के किनारे बिजली पोल से 11 हजार बोल्टेज की बिजली तार गुजरा है, नहर के किनारे डबल पोल के सहारे बिजली सप्लाई की जा रही है, जिसमें से एक पोल तीन टुकड़ों में टूटकर लटक रहा है। जो हादसे का सबब बना हुआ है। बड़े मजे की बात यह है कि जिस जगह खम्बा टूटा है, वहाँ से थोड़ी ही दूर पर सोंगर विद्युत उपकेंद्र भी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है क्या किसी जिम्मेदार की नजर इस पर नहीं पड़ी या फिर इसे ठीक कराया मुनासिब नहीं समझ रहा है। इस मामले को लेकर स्थानीय नागरिकों कहना है कि यह खम्भा तीन वर्ष से ऐसे टूटकर लटक रहा। लोग अपने जानवरों को चराने के लिये आते है हमेशा हादसे डर बना रहता है। ऐसे में लोगों में चर्चा है क्या बिजली विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है? अब देखना है होगा कि बिजली विभाग चिर निद्रा से कब जागेगा।

**क्षेत्र के बरंगी गांव का मामला**



## सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत, ट्रक चालक गिरफ्तार

**बूढ़नपुर।** अतरौलिया थाना क्षेत्र के बूढ़नपुर चौक पर एक सड़क दुर्घटना में छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब बच्चा अपने चचेरे भाई के साथ साइकिल से बूढ़नपुर बाजार जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, ट्रक चालक को पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक, अतरौलिया थाना क्षेत्र के भीलमपुर छपरा गांव निवासी शिव राजभर (14) बूढ़नपुर बाजार किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान बगल के ही शिवपाल राजभर (6) पुत्र मित्तू राजभर भी उसके साथ बाजार चला गया। वह लोग साइकिल से बूढ़नपुर चौक पर पहुंचे तो पीछे से ऑटो ने उन्हें हल्की सी टक्कर मार दी। इससे वह लोग गिर गए और शिव राजभर ट्रक के पिछले पहिया के नीचे आ गया और इससे वह घायल हो गया। चौकी इंचार्ज बूढ़नपुर राम निहाल वर्मा ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संदिग्ध हालात फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**अमरोहा (उत्तरशक्ति)।** मूलरूप से असम निवासी पूजा की शादी करीब छह साल पहले बुलंदशहर जिले के स्याना क्षेत्र के नया गांव निवासी केशव के साथ हुई थी। पूजा की माता कनक भी अमरोहा में रहती हैं। पूजा के दो बेटी और एक बेटा है। तीनों बच्चे नानी के पास अमरोहा में रहते हैं। एक साल पहले पति केशव से तलाक के बाद पूजा अमरोहा में ही हाईवे स्थित एक फैक्टरी में मजदूरी करती थी और चौधरपुर में राशिद के मकान में किराए पर रहती थी। शनिवार रात पूजा की किराए के घर में ही संदिग्ध हालात में मौत हो गई। रविवार सुबह उसका शव पंखे में रस्सी के सहारे फंदे पर लटकता मिला। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने भी घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति से तलाक के बाद पूजा मानसिक रूप से परेशान रहती थी। उसके ऊपर लोगों का काफी कर्ज भी बताया गया है। जिसके चलते उसने आत्महत्या की है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी बोर्ड परीक्षा मे सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** यूपी बोर्ड परीक्षा की शुरूआत हो गई है। सुबह से परीक्षा केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों का जमावड़ा देखने को मिला। कतारबद्ध होकर सेंटर पर प्रवेश किया और परीक्षा जारी है। बता दें कि वाराणसी में कुल 94965 छात्र छात्राएं बोर्ड की परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए कुल 125 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से केंद्र के बाहर पुलिस फोर्स की तैनाती है इसके साथ ही सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई जा रही है। दो पारियों में परीक्षा को संपन्न कराया जाना है। पहली पारी सुबह8.30 बजे से 11.45 तक और दूसरी पारी 2 बजे से 5.15 तक है। नकल माफिया पर पुलिस की पैनी नजर है। पूरी परीक्षा को 8 जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच छात्र और छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। इसके साथ ही जहां पर कापियों को रखा जाना है वहां पर भी कैमरों की नजर पैनी है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**बलिया (उत्तरशक्ति)।** फेफना थाना क्षेत्र के मटिही गांव के समीप सोमवार की सुबह ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से छठी की छात्रा संजना भारती (14) पुत्री राजेंद्र भारती निवासी मटिही की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। घटनास्थल पर शवरख जमकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। सीओ सदर मो. उस्मान, एएसपी कृपा शंकर ने स्थानीय लोगों को समझाया और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। एक घंटे बाद लोग शांत हुए। मटीही निवासी संजना भारती पुत्री राजेन्द्र राम साइकिल से सहदेश ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जा रही थी। इस दौरान ईंट लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली वहां से गुजर रही थी। इसकी चपेट में आने से छात्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। ट्रैक्टर चालक की लापरवाही और प्रशासन की निष्क्रियता पर गुस्सा जताने लगे। भीड़ धीरे-धीरे उग्र हो गई और वहां हंगामा करने लगी। सूचना मिलते ही फेफना थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। भीड़ को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन गुस्सा शांत नहीं हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए चितबड़ागांव थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह भी पहुंचे। साथ में रसड़ा, गड़वार और नरही थाना पुलिस को भी बुलाया गया। मौके पर पहुंचे सीओ सदर मोहम्मद उस्मान, एएसपी कृपाशंकर ने स्थानीय लोगों को समझाया और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हुई। हादसे के बाद संजना के परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

## चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार, तीन ट्रैक्टर और दो बाइक बरामद

**बलिया(उत्तरशक्ति)।** एसओजी, शहर कोतवाली और सर्विलांस पुलिस टीम ने चोरी के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के तीन ट्रैक्टर और दो बाइकों को बरामद किया है। शहर कोतवाली बलिया, बांसडीह में ट्रैक्टर चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया गया है। आरोपी चोरी के ट्रैक्टर बेचने की फिराक में थे। एसपी ओमवीर सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइन में बताया कि मुकेश कुमार यादव निवासी चन्द्रशेखरनगर की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर ट्रैक्टर की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम बनाकर कोशिश की जा रही थी। सर्विलांस प्रभारी विश्वनाथ यादव, एसओजी प्रभारी हितेश कुमार और शहर कोतवाली पुलिस कदम चौराहा पर चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति चोरी के ट्रैक्टर को कहीं बेचने के फिराक में दियर में हनुमान मंदिर के पास आए हैं। कोतवाली पुलिस टीम ने दियर के पास से रोहित कुमार सिंह निवासी चतरा थाना कोपा जिला छपरा, अश्वनी सिंह निवासी फेफना, आशीष सिंह निवासी फेफना, हेमन्त सिंह निवासी कुरेजी, रामकरन निवासी सूर्यपुरा थाना सुखपुरा को चोरी के तीन ट्रैक्टर और दो बाइक के साथ गिरफ्तार किया।

## अनियंत्रित आठ फीट नीचे खाई में गिरी

**मऊ (उत्तरशक्ति)।** मधुबन थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के मधुबन घोसी मुख्य मार्ग के नहर चौक खीरीकोठा मोड़ के समीप सोमवार की सुबह प्रयागराज कुंभ से आ रही बिहार के मोतीहारी जिले की एक जेलो कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसमें सवार आठ लोग में से तीन लोगो को चोट आई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोग व पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव अन्तर्गत नहर चौक के खीरीकोठा मोड़ के समीप बिहार के मोतिहारी जिले की एक जेलो कार प्रयागराज कुंभ मेले से आ रही थी कि सामने से आ रही बस की लाइट से ड्राइवर अनियंत्रित हो गया तथा कार खाई में जा गिरा ।जिससे ड्राइवर प्रमोद कुमार 25 ,रंजू कुमारी 36, बिहारी शाह 50 को हल्की चोंट आई। कार में सवार अमोध सिंह, दया शंकर प्रसाद, विनीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मधुबन व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू ठठेरा,अनिल कुमार राजभर ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

## ईशान्य मुंबई कांग्रेस द्वारा मुलुंड में साइकिल रैली संपन्न



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (मुलुंड टी वार्ड) द्वारा मुलुंड में बनाए गए साइकिल ट्रैक में बुनियादी सुविधाओं का अभाव को लेकर ईशान्य मुंबई कांग्रेस उपाध्यक्ष राकेश राघवन के द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में मुंबई कांग्रेस के कार्याध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ बाबूलाल सिंह, डॉ. आर. आर. सिंह, सचिव किशोर मुंडेकल, अयूब सय्यद, जिला कार्याध्यक्ष उत्तम गीते, महिला जिलाध्यक्षा लाजवन्ति शेट्टी, ब्लॉक अध्यक्ष विट्ठल सातपुते, अरविंद यादव, राजन उटवाल, सुनील जैन, मैथ्यु चेरियन, महिला कांग्रेस नेता पूजा सातपुते, निर्मला सोनावणे, आकाश पांडे (कार्याध्यक्ष मुलुंड युवा कांग्रेस ), तुषार डिंगा (ब्लॉक अध्यक्ष 108,एन एस यु आई ) सहित कई गणमान्य लोग एवं युवा उपस्थित थे। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यहाँ पर ट्रैक पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे की व्यस्था शौचालय की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, साफ सफाई की एवं उचित औषधि की व्यस्था नहीं है।

इन सुविधाओं की पूर्ति हेतु 3 कि. मी. के ट्रैक पर 2 स्थानों पर फर्स्ट ऐड बॉक्स राकेश राघवन द्वारा प्रदान किया गया। रैली की शुरूआत वीणा नगर ब्रिज से होकर समापन मैराथन कॉसमॉस, मुलुंड प. पर हुई। अन्य सुविधाओं हेतु मनपा टी वार्ड को चरण सिंह सप्रा (कार्याध्यक्ष मुंबई कांग्रेस ) के नेतृत्व में निवेदन दिया जायेगा। जिससे कि इस ट्रैक का उपयोग कर रहे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों को उचित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## महाशिवरात्रि पर अंधेरी में निकलेगी बारात



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर त्रियुगीनारायण ट्रस्ट, मुंबई द्वारा भव्य शिव बारात का आयोजन किया जा रहा है। यह दिव्य शोभायात्रा 26 फरवरी, बुधवार को शाम 4 बजे अंधेरी (पूर्व) के मरोल स्थित पालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होगी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुशील तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बारात पालेश्वर मंदिर,मरोल से निकलकर डीएचएल ग्राउंड, सेवन हिल्स हॉस्पिटल, कनकिया सेवन आदि स्थानों से होते हुए सागबाग स्थित ओमकारेश्वर मंदिर परिसर पहुंचेगी,जहां भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के पावन अवसर पर जयमाला कार्यक्रम संपन्न होगा। संस्था के अध्यक्ष चंदन मिश्रा ने बताया कि शिवभक्तों के लिए यह यात्रा अत्यंत भक्ति-भाव और उल्लास से भरपूर होने वाली है। धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ शिव बारात लोगों को भक्तिमय माहौल का अनुभव कराएगी।

बारात में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री आशीष शेलार, सांसद रविन्द्र वायकर, आचार्य पवन त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, भाजपा उत्तर-पश्चिम जिला अध्यक्ष संतोष मेढेकर, भाजपा, अंधेरी मंडल अध्यक्ष अशोक पांडेय, संस्था के अध्यक्ष चंदन मिश्रा, आनंद वेमडाला, यश थोरात, मनीष बटावले, मल्लेश बलशक्रा, संदीप गुप्ता, सुशील उपाध्याय, हितेश कानवले, राहुल सेलरी सहित अनेक श्रद्धालु एवं शिवभक्त शामिल होंगे।

## पथरी का ऑपरेशन करते वक्त महिला की मौत

**शामली (उत्तरशक्ति)।** थानाभवन के गगन हॉस्पिटल में पित्त की थैली में पथरी के ऑपरेशन के दौरान गांव जौला में आशा का कार्य करने वाली 35 वर्षीय सोनिया की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल में हंगामा किया। आरोप है कि चिकित्सक व स्टाफ अस्पताल से गायब हो गए। परिजनों के साथ भीम आर्मी के कार्यकताओं ने कलक्ट्रेट पहुंचकर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। मृतका के पति देशराज की तहरीर पर हॉस्पिटल संचालक अबरार, उसकी पत्नी और दो अन्य चिकित्सकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पति ने किडनी निकालने के चक्कर में पत्नी की मौत होने का आरोप लगाया है। जिला मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला निवासी सोनिया पत्नी देशराज को गगन हॉस्पिटल में रविवार को ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। रात में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मौत की जानकारी दिए बिना चिकित्सक वहां से भाग गए। देर रात जब महिला की मौत होने का पता चला तो परिजनों ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि चिकित्सकों ने ऑपरेशन से पहले न कोई जांच की और न ही किसी कागज पर परिजनों की सहमति ली। सोमवार को भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार कार्यकताओं और परिजनों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों की लापरवाही के कारण महिला की मौत होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। उन्होंने डीएम के नाम एसडीएम हामिद हुसैन को प्रार्थना पत्र सौंपा। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

महिला की मौत के मामले की जानकारी मिलने पर पंजीयन नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार जांच करने पहुंचे तो हॉस्पिटल के गेट पर ताला लगा मिला। डॉ. अश्वनी ने बताया कि हॉस्पिटल पंजीकृत है। जिसे आईपीडी, ओपीडी व अन्य डे केयर सेवाएं देने के लिए अधिकृत किया गया है। हॉस्पिटल में ऑपरेशन करने के लिए कोई सर्जन नियुक्त नहीं है और न ही कोई चिकित्सक सर्जरी के लिए अधिकृत है। हॉस्पिटल के संचालक मो. अबरार और सेवा प्रदाता चिकित्सक डॉ. अरीब अली सिद्दीकी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्ट करने को कहा गया है। मृतका के ऑपरेशन में लापरवाही किसके द्वारा की गई और बिना अधिकृत चिकित्सक ऑपरेशन क्यों किया गया।

मृतका सोनिया के पति देशराज ने कलक्ट्रेट में रोते हुए कहा कि उसकी पत्नी ठीक हालत में थी। आशा का काम करने के कारण अबरार से पत्नी की जान पहचान हो गई थी। सोनिया ने फोन पर अबरार से पथरी के ऑपरेशन के लिए सलाह ली थी। अबरार ने रविवार को ऑपरेशन के लिए बुलवाया था। उसने अपने लड़के के साथ पत्नी को भेज दिया था। जब आठ बजे ऑपरेशन के लिए कहा गया तो लड़के ने अपने पिता के आने के बाद ऑपरेशन करने को कहा, लेकिन अपनी मर्जी से ऑपरेशन कर दिया। पति ने कहा कि उसे कुछ नहीं चाहिए, आरोपी डाक्टर गिरफ्तार होने चाहिए। उसने चेतावनी दी कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह भी पत्नी के शव के साथ आत्मदाह कर लेगा। देशराज ने बताया उसके चार बच्चे हैं और उसके एक पैर का ऑपरेशन हो चुका है, जिसमें रॉड पड़ी है, जिस कारण वह ठीक से चल नहीं पाता।

## क्रॉम्पटन ने लॉन्च किया टेकविदहार्ट




**पटना (उत्तरशक्ति)।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जो उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल उत्पादों की जानी-मानी कंपनी है, लगातार नए आविष्कार कर रही है। ये नए प्रोडक्ट्स बिजली की बचत करने वाले, बेहतर काम करने वाले और पर्यावरण के अनुकूल हैं, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव मिलता है। कंपनी ने टेकविदहार्ट लॉन्च किया, जो दिखाता है कि वे ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर भारत में ही प्रोडक्ट्स बना रहे हैं। टेकविदहार्ट क्रॉम्पटन के उस मिशन को दिखाता है, जिसमें उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट, भरोसेमंद और बेहतर काम करने वाले समाधान बनाए जाते हैं। इसमें तेज हवा देने वाले पंखे और बिजली बचाने वाले पंप शामिल हैं, जो लगातार और भरोसेमंद पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। हर प्रोडक्ट को ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेकविदहार्ट क्रॉम्पटन ऐसी तकनीक प्रदान करता है जो वास्तव में मायने रखते हैं। भारत में आराम, सुविधा और ऊर्जा कुशल घरों को बेहतर बनाती है। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ प्रोमीत घोष ने कहा, क्रॉम्पटन में हम ग्राहकों को ध्यान में रखकर नए-नए आविष्कार करके बिजली के सामान का भविष्य बना रहे हैं। हम लगातार ऐसे आधुनिक समाधान ला रहे हैं जिनमें टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का सही मेल है, और जो बदलते समय के साथ ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई बोर्ड परीक्षाएं




**लखनऊ(उत्तरशक्ति)।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में यह परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी का पेपर शुरू हुआ। सुबह साढ़े आठ बजे से यह परीक्षा शुरू हुई। दोपहर दो बजे से होने वाली परीक्षा में भी मुख्य रूप से इंटर का हिंदी का पेपर होगा। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। पहली पाली में हाईस्कूल में हिंदी का पेपर हुआ। प्रदेश में कहीं से भी अभी तक नकल करने या किसी भी प्रकार की व्यवस्था से जुड़ी खबर नहीं आई। परीक्षा देकर निकले छात्रों ने बताया कि हाईस्कूल में आया पेपर आसान था। कठिन प्रश्न नहीं पूछे गए। प्रश्नों को घुमा-फिराकर पूछने के बजाय उन्हें सीधे और सरल तरीके से पूछा गया। दूसरी पाली की परीक्षा में इंटरमीडिएट का इम्तहान होना है। दूसरी पाली में भी हिंदी का पेपर होना है। पहली पाली के बाद सघन सुरक्षा के बीच कॉपियों की सीलिंग और पैकिंग की गई। इस दौरान शिक्षा के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिले में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है। सोमवार को सुबह सात बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे, जहां विधिवत जांच पड़ताल के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व विद्यालय के जिम्मेदार शिक्षक गेट पर तैनात रहे और परीक्षार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। अमेठी जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80 केंद्र बनाए गए हैं, वहीं जिले में हाई स्कूल व माध्यमिक विद्यालयों की कुल संख्या 240 है। शिक्षा विभाग ने आवश्यक सुविधाओं और परीक्षा केंद्र की दूरी को ध्यान रखते हुए केंद्रों का निर्धारण किया है। इस बार 48351 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। बोर्ड परीक्षा के दौरान केंद्रों की निगरानी के लिए जिला स्तर पर कर उड़ाका दल तैनात किए गए हैं। जिनका नेतृत्व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार द्विवेदी, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, राजकीय हाई स्कूल अफुईया के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार राबिया और जीआईसी जायस के प्रधानाध्यापक राहुल सिंह करेंगे।

## कार्यकर्ता सह जनसंवाद सम्मेलन में विश्वकर्मा बंधुओं ने दिखाई एकजुटता, महारैली को लेकर हुई चर्चा

**मुजफ्फरपुर(उत्तरशक्ति)।** अप्रैल 2025 में होने वाली विश्वकर्मा एकता महारैली के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को गरीब स्थान स्थित पुरुषोत्तम प्रसाद स्वर्णकार विवाह भवन में भारतीय विश्वकर्मा महासंघ द्वारा कार्यकर्ता सह जनसंवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वजीत कुमार एवं संचालन राजाविनित कुमार ने की। इस सम्मेलन में सैकड़ों विश्वकर्मा बंधुओं ने शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज आजादी के इतने वर्षों के उपरांत भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक हर क्षेत्र में उपेक्षित है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग जब तक एमपी, एमएलए नहीं बनेंगे तब तक विश्वकर्मा समाज के अधिकार का हनन होते रहेगा। इसलिए हमलोग मिशन 2025 विश्वकर्मा एकता महारैली के सफल आयोजन को लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट हो जाएं और सत्ता संघर्ष की ओर बढ़े। उन्होंने कहा कि ने कहा कि जिसकी दो प्रतिशत आबादी है उन्हें सत्ता में आजादी से लेकर अब तक सम्मान मिल रहा है जबकि विश्वकर्मा वंशी की आबादी 8 प्रतिशत है फिर भी सत्ता से वंचित है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के सातवें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू ने कहा कि अब विश्वकर्मा समाज इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। राजनीतिक भागीदारी नहीं बल्कि अब सत्ता के लिए लड़ाई होगी। विश्वकर्मा समाज कई वर्षों से रैली और कार्यक्रम के माध्यम से अपने समाज की दशा एवं दिशा का संज्ञान लगातार सभी राजनीतिक दलों को देते रहा है पर इन राजनीतिक दलों ने साथ नहीं दिया। इसीलिए अगले चुनाव में हर सीट पर हम अपने समाज के उम्मीदवार खड़े करके उन्हें जिताने का काम करेंगे। जबकि महासंघ की नेत्री सुजाता शर्मा ने समाज के लोगों से संगठित होने की अपील की। सम्मेलन में विश्वकर्मा के पांचो पुत्रों सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

## महाकुंभ स्नान के लिए जा रही गाड़ी पेड़ से टकराई, एक की मौत

**गाजीपुर(उत्तरशक्ति)।** महाकुंभ स्नान करने बिहार से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो नोनहरा में सुसुंडी चौराहे के समीप सड़क पर टहल रहे युवक को कुचलते हुए पेड़ से टकरा गई। इससे युवक की मौत हो गई, जबकि स्कार्पियो में सवार नौ श्रद्धालुओं में से पांच लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्कॉर्पियो सवार नौ श्रद्धालु बिहार के पटना से महाकुंभ स्नान स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। सभी सुबह करीब 6:15 बजे नोनहरा थानाक्षेत्र के सुसुंडी चौराहा स्थित पुलिया के पास पहुंचे थे कि गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर टहल रहे सुसंडी निवासी संदीप कुमार (19) को कुचलते हुए पेड़ से टकरा गई। इससे संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, स्कॉर्पियो में सवार पटना के लंगर टोली गली निवासी राधा देवी (50), मंजू वर्मा (40), सिपाड़ा पटना निवासी सुचिता देवी (65), सोनी वर्मा और आशीष सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज गाजीपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतक संदीप के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर यागराज महाकुंभ से स्नान के बाद बलिया जा रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी मुहम्मदाबाद थानाक्षेत्र के गौसपुर में खड़े ट्रक से टकरा गई। इससे गाड़ी में सवार आठ में से पांच श्रद्धालु घायल हो गए। हादसा चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुआ। बलिया से आठ श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए गए थे। लौटते समय मुहम्मदाबाद थानाक्षेत्र के गौसपुर के पास सुबह करीब छह बजे सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी गाड़ी टकरा गई। इससे गाड़ी में सवार मोनिका तिवारी (40), कल्याणी उपाध्याय (38), अभय पाठक (40), पिंकी पाठक (20) और मधु उपाध्याय (40) घायल हो गए। सभी बलिया जनपद के मनियार थानाक्षेत्र के निपनिया गांव के निवासी हैं। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद पहुंचाया। एक अन्य घटना में महाकुंभ से स्नान के बाद लौट रहे श्रद्धालुओं की कार जंगीपुर थानाक्षेत्र के शेखपुरा पट्टी में गलत दिशा से आ रही पिकअप से टकरा गई। इससे कार सवार एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों सहित सात श्रद्धालु और पिकअप का चालक घायल हो गया। घायलों को मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुजफ्फरपुर के भगवान चौक निवासी निवासी पंकज सिंह का परिवार दो दिन पूर्व महाकुंभ स्नान के लिए निकला था। 22 फरवरी की रात स्नान करने के बाद सभी भोर में कार से मुजफ्फरपुर के लिए निकले। जंगीपुर थानाक्षेत्र के शेखपुरा चट्टी के पास सुबह 11 बजे विपरीत दिशा और गलत लेन में टेंट के सामान लादकर आ रही पिकअप से कार की टक्कर हो गई।

## शादी से लौट रही कार पेड़ से टकराई, दो की मौत




**मेरठ (उत्तरशक्ति)।** सरधना थाना क्षेत्र के गंगनहर कांवड़ मार्ग पर गांव कपसाड़ के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार में सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद के सराय नगर थाना निवासी नकुल कश्यप (33) और मनप्रीत (35) अपने दोस्त हिमांश व रोहित के साथ खतौली शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर गांव कपसाड़ के पास पहुंचे तो उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भंयकर थी कि कार में सवार चारों युवक फंस गए। नकुल कश्यप और मनप्रीत की मौत पर ही मौत हो गई। जबकि हिमांश व रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कर कर कार से चारों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया। वहीं, मृतकों के शवों का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी

**बाराबंकी(उत्तरशक्ति)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त चार लाख 65 हजार किसानों के खाते में सोमवार को आएगी। इसको लेकर भागलपुर बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम है, जिसका लाइव प्रसारण प्रमुख रूप से कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ और रामसनेहीघाट में दिखाया जाएगा। इसके अलावा सभी ब्लॉकों में भी लाइव प्रसारण दिखाने की तैयारी है। उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि जो किसान किसी कारण वश फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा सके, उन्हें भी इस किस्त का लाभ मिलेगा। हालांकि, ऐसे किसानों को अगली किस्त तभी मिलेगी जब फार्मर रजिस्ट्री करा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जिले के सभी 4.65 लाख किसानों के खाते में आएगी।












## स्नेहा कुशवाहा के इंसाफ के लिए निकला कैंडल मार्च



-रियाजुल हक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सर्व लोक हित समाज पार्टी के बैनर तले जौनपुर के लोगों ने निकाला कैंडल मार्च स्नेहा कुशवाहा सर्वलोक हित समाज पार्टी के लोगों ने स्नेहा कुशवाहा को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च भंडारी रेलवे स्टेशन से कोतवाली होते हुए शाही पुल के नीचे गोपीघाट पर जाकर समाप्त हुआ लोगों का भीड़ में आरोपियों के खिलाफ आक्रोश देखने को मिल रहा था। सैकड़ों महिलाएं और शहर के विभिन्न क्षेत्र की पुत्रियों के साथ मिलकर कैंडल मार्च में बेटी को न्याय दिलाने के लिए भंडारी रेलवे स्टेशन से चलकर शाही पुल तक पद यात्रा में शामिल रही। इस मौके पर कन्हैया लाल मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पी-एच.डी. शोधार्थियों के लिए शोध कक्ष निर्माण हेतु पूजन कार्य संपन्न



जलालपुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बयालसी महाविद्यालय, जलालपुर, जौनपुर में पी-एच.डी. शोधार्थियों के लिए अस्थायी शोध कक्ष निर्माण हेतु विधिवत पूजन कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अलकेश्वरी सिंह, मुख्य अनुशासक डॉ. बृजेश कुमार मिश्र, समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शोध कक्ष निर्माण का उद्देश्य शोधार्थियों को एक उपयुक्त एवं सुसज्जित अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है।जिससे उनकी शोध यात्रा सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। प्राचार्य डॉ. सिंह ने इस पहल को महाविद्यालय के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि यह शोधार्थियों की बौद्धिक प्रगति को और अधिक गति प्रदान करेगा। मुख्य अनुशासक डॉ. मिश्र ने कहा कि शोध कार्य के लिए उचित संसाधन उपलब्ध कराना महाविद्यालय का दायित्व है, और यह नया शोध कक्ष विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा एवं अनुसंधान में सहायता प्रदान करेगा। पूजन कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने शोधार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महाविद्यालय के सतत विकास एवं उन्नति की कामना की।

## वृद्धों के इलाज हेतु ग्राम प्रधान ने दी आर्थिक सहायता



केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। समाज सेवा और जनकल्याण की मिसाल पेश करते हुए ग्राम बसगीत के ग्राम प्रधान एवं धर्मा इंजीनियरिंग ग्रुप के चेयरमैन राम प्रसाद यादव उर्फ.गुड्डू ने सोमवार को अपने आवास पर गांव के 65 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को दवा और इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। ग्राम प्रधान द्वारा गांव के 48 वृद्धों को 5-5 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई, जिससे वे अपने इलाज और दवा का प्रबंध कर सकें। इस दौरान ग्राम प्रधान ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनका सम्मान और देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक संभव होगा, मैं अपने गांव के लोगों की हरसंभव मदद करता रहूंगा। गांव के लोगों ने इस सराहनीय प्रयास के लिए ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त किया और इसे सामाजिक सेवा का अनुकरणीय उदाहरण बताया। इस के पहले 15 दिन पहले भी गांव के 40 लोगो को इलाज के लिए प्रधान द्वारा सहयोग दिया गया था। इस अवसर पर डब्बू सिंह, जयप्रकाश यादव, मुन्ना यादव, डब्बू सिंह, विजय बहादुर यादव, झुल्लन सरोज, अशोक यादव, शशिकांत यादव, संजय यादव, बेचन सरोज, रामधनी सरोज, रामबलि सरोज सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय थाना क्षेत्र के खुटहन मार्ग स्थित अख्खीपुर गांव के राजभर बस्ती में सड़क के किनारे एक अज्ञात युवक की सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी। क्षेत्र के खुटहन मार्ग स्थित अख्खीपुर हरिजन बस्ती समीप सडक के किनारे 25 वर्षीय अज्ञात युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा देख स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान समेत पुलिस को सूचना दिया। मृतक युवक के सर व पीठ मे चोट के निशान पाए गए। मृतक काले कलर का चेक्स सर्ट और काले कलर का लोवर पहना हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा-पढ़ी करते हुए पोस्ट मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामला संज्ञान में है। विधिक कार्यवाई की जा रही है। मृतक का शिनाख्त नही हो पाई है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## संकट मोचन बालाजी धाम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के मोहल्ला पकड़ी गोदाम में नव निर्मित श्री संकट मोचन बालाजी धाम का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार से हो गया। बताया जाता है कि पहले यहां हनुमान जी की की मूर्ति बिना छत के था और भक्तों ने भव्य मंदिर बनवाने का संकल्प लिया था। जिसके फल स्वरूप यह महोत्सव क्षेत्र के विद्वान पंडित गणेश महराज, पंडित सुधीर शुक्ल व पंडित पंकज मिश्र द्वारा संपन्न किया जा रहा है। पहले दिन 24 फरवरी दिन सोमवार को जलाधिवास 25 फरवरी दिन मंगलवार को अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, दिन मंगलवार दोपहर 12 बजे से नगर भ्रमण एवं सायंकालीन शय्याधिवास, 26 फरवरी 2025, दिन बुधवार प्रातः 9 बजे प्राण-प्रतिष्ठा (श्री बालाजी महाराज), 27 फरवरी दिन गुरुवार विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जलाधिवास पूजा अर्चना में उच्चारित मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर भक्तों की भीड़ मौजूद रही।

## कैंसर पेशेंट्स एड एसोसिएशन को समर्थन देने के लिए अबू जानी और संदीप खोसला ने फेविकोल के साथ मिलाया हाथ



मुंबई। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज ने अपने प्रमुख एडहेसिव ब्रांड 'फेविकोल' के माध्यम से भारत के प्रमुख कॉउटियर अबू और संदीप के साथ मिलकर शानदार जियो वर्ल्ड गार्डन में 'फेविकोल केयरिंग विद स्टाइल' के 16वें संस्करण की मेजबानी की। यह नेक चैरिटी फैशन शो, जो अब अपने 16वें वर्ष में है, ने वंचित कैंसर रोगियों के लिए धन जुटाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए कैंसर रोगी सहायता संघ के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी जारी रखी। 2012 में, CPAA ने मोहित गुप्ता के इलाज के लिए चौथे 'केयरिंग विद स्टाइल' शो के माध्यम से धन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिन्होंने 5 वर्ष की आयु में कैंसर से बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी। अब 18 वर्ष का मोहित उढअअ के शक्तिशाली प्रभाव का एक जीवंत प्रमाण है, जो दिखाता है कि इस फैशन शो से जुटाई गई धनराशि ने वास्तव में कितना अंतर ला दिया है। सौदामिनी मट्ठू सीईओ, अबू जानी संदीप खोसला हम जितना सृजन में विश्वास करते हैं, उतना ही योगदान में भी विश्वास करते हैं। कैंसर एक ऐसा मुद्दा है जो प्रासंगिक बना हुआ है और हम आभारी हैं कि प्रत्येक बीतते वर्ष के साथ, जागरूकता बढ़ाने की हमारी क्षमता बढ़ी है। हमें जो पसंद है उसे बनाने और पूरे दिल से करने से अधिक खुशी किसी और चीज से नहीं मिलती! इस कार्यक्रम में अबू और संदीप के कलेक्शन को प्रदर्शित किया गया, जिसमें विरासत और समकालीन डिजाइन का शानदार मिश्रण प्रस्तुत किया गया। महिलाओं के लिए, बखिया और आबीर ने जटिल चिकनकारी और मुगल-प्रेरित कढ़ाई का प्रदर्शन किया। डहलिया, ब्लूमिंग गार्डन और पुष्प ने पेस्टल और जीवंत रंगों में पुष्प रूपांकनों को उजागर किया। पैरट मिरर, अजल, प्लीटेड गोटा और टुकड़ी ने बोल्ड रंगों, मिरर वर्क और सटीक सिलाई को प्रदर्शित किया। भूमि पेडनेकर ने कहा, मैंने अबू संदीप के साथ रैंप वॉक की शुरूआत की थी और सिनेमा में 10 साल पूरे होने पर उनके रनवे पर वापस आना मेरे लिए खास एहसास है। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है और उनके लिए फिर से चलना - इस बार इतने सार्थक उद्देश्य के लिए - वास्तव में एक सम्मान की बात है। वे अपने हुनर के उस्ताद हैं और इंसान के तौर पर तो और भी बेहतरीन हैं। बाबिल खान ने लाल रेशमी अंगरखा और बहिया कढ़ाई वाले अंगवस्त्र पहनकर मेन्सवियर शो की शुरूआत की। मिनी माथुर ने शाम की मेजबानी की, जिसमें अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हरगुन कौर और इला अरुण ने भी दमदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के कई दिग्गज और कारोबारी नेता शामिल हुए, जो सभी इस नेक काम का समर्थन करने के लिए एक साथ आए।

## नकल पर नकेल का दिखा असर, 7444 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। यूपी बोर्ड हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा में सोमवार को पहले ही दिन हाई स्कूल की परीक्षा में एक मुन्ना भाई फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया। पुलिस ने नए परीक्षा अधिनियम के तहत उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस फर्जीवाड़े का खुलासा होते ही परीक्षा केंद्र पर जबरदस्त हड़कंप मच गया। आनन फानन में विभाग के उच्च अधिकारी मामले में सख्त कार्रवाई के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट को मौके पर भेज कर त्वरित गति से कार्रवाई कराने में लग रहे। उधर नकल पर नकेल कसने के लिये जिला प्रशासन की सख्त करवाई का बड़ा असर देखने को मिला। पहले दिन दोनों पालियों की परीक्षा में 7444 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल की प्रातः 8:30 बजे से 11:45 तक परीक्षा हुई। पहले दिन प्रारंभिक हिंदी विषय की परीक्षा थी। जबकि इंटरमीडिएट द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से 5:15 बजे तक हिंदी सामान्य विषय की परीक्षा हुई। जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के आर्य इंटर कॉलेज लेदुका में हाई स्कूल की परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापक ने जब छात्रों की सघन तलाशी ली तो अभिषेक गौतम नामक परीक्षार्थी की जगह सौरभ कुमार परीक्षा दे रहा था। अभिषेक गौतम का पता गौरीगंज दर्ज था। जबकि सौरभ कुमार का पता ग्राम हैदरपुर थाना तेजी बाजार जौनपुर दर्ज था। दोनों के प्रवेश पत्र में चस्पा फोटो का मिलान किया गया तो मामला संदिग्ध नजर आया । मामले की जानकारी फौरन डीआईओएस राकेश कुमार को दी गई। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक से सख्त कार्रवाई का निर्देश देते हुए मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। इस संबंध मे परीक्षा कंट्रोल रूम के प्रभारी ब्रह्मजीत यादव ने बताया कि तिलक इंटर कॉलेज बरबसपुर का यह संस्थागत छात्र है । यहां का परीक्षा केंद्र आर्य इंटर कॉलेज लेदुका में गया है। इस संबंध में बदलापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मुन्ना भाई के रूप में पकड़े गए फर्जी परीक्षार्थी सौरभ कुमार के खिलाफ नई परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जिले के 218 परीक्षा केदो पर यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा कराई जा रही है। हाई स्कूल में 74938 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट में 80 हजार 164 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। दोनों पालियों में जिले भर में 15 लाख 51 हजार दो परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। हाई स्कूल में सुबह की पाली में 3500 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया । जबकि इंटरमीडिएट द्वितीय पाली की परीक्षा में 3944 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। नकल पर नकेल कसने के लिए योगी सरकार की सख्ती का सबसे बड़ा असर जौनपुर में देखने को मिल रहा है। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र, एसपी डॉ कौस्तुम्ब द्वारा शिक्षा माफियाओं को दी गई कड़ी हिदायत के चलते जौनपुर में नकलचियों के मंसूबे पर पानी फिर रहा है।

## नायगाव में अन्य पार्टी के लोगों ने थामा भाजपा का दामन



वसई रोड। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र चव्हाण एवं संरक्षक मंत्री गणेश नाइक के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी दिन-प्रतिदिन मजबूती से विस्तार कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से प्रेरित होकर पार्टी में नए कार्यकर्ताओं का आना भाजपा की विचारधारा में लोगों के मजबूत विश्वास का प्रतीक है। आज नायगाव रजोवली मे वसई विधानसभा की विधायक स्नेहा दुबे पंडित के नेतृत्व में बहुजन विकास अघाड़ी के पदाधिकारी नितिन भोईर और उबाथा UBT ग्रुप के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। इस ऐतिहासिक क्षण में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति के लिए पूरी ताकत से काम करने का संकल्प लिया। यह प्रवेश मात्र पार्टी विस्तार नहीं है, बल्कि एक दृढ़ संकल्प है । विकास की ओर बढ़ने का और नए भारत के निर्माण में योगदान देने का है। भाजपा सिर्फ एक पार्टी नहीं है, यह एक परिवार है, जहां हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है और राष्ट्र सेवा का संकल्प पूरा होता है। कार्यक्रम में वसई विरार जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, जिला महासचिव अभय कक्कड़, जिला सचिव प्रवीण गावड़े, जिला सचिव धर्मेंद्र कुलकर्णी, मंडल महासचिव विवेक बोसकर, मंडल महासचिव विकास बरनवाल, युवा मोर्चा जिला सचिव प्रवीण दुबे, धर्मेंद्र मिश्रा, जयप्रकाश पांडे, मनोज गुप्ता और बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राशन कार्डधारकों को राशन दिलाने की मांग



वसईरोड। वसई आपूर्ति विभाग ने 21 फरवरी को एक कार्रवाई में वसई रोड वेस्ट पर तीन सरकारी अनाज की दुकानों को सील कर दिया था। सरकारी अनाज दुकानों को सील किये जाने से सील किये गये अनाज दुकानों के राशन कार्डधारी सरकारी अनाज से वंचित हो गये है। इसलिए, भारतीय जनता पार्टी वसई रोड मंडल अध्यक्ष महेश सरवणकर ने वसई तहसीलदार से अपील किया है कि सील की गई राशन दुकानों के कार्ड धारकों को फरवरी महीने का खाद्यान्न सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपाय किए जाएं। वसई आपूर्ति विभाग के माध्यम से, वसई रोड के पश्चिम में नवघर-मानिकपुर क्षेत्र में स्थित सरकारी अनाज की दुकान जगदंबा महिला बचत समूह, आदिशक्ति महिला बचत समूह और श्रमिक महिला बचत समूह को शुक्रवार, 21 फरवरी को दुकान में अनाज उतारने में अनियमितता के लिए सील कर दिया गया है। इसलिए संभावना है कि वसई रोड के पश्चिम नवघर-मानिकपुर क्षेत्र में कुल छह सरकारी खाद्यान्न दुकानों के राशन कार्ड धारक फरवरी माह के खाद्यान्न से वंचित रह जाएंगे. फरवरी माह खत्म होने में महज चार दिन बचे हैं और महीना खत्म होने के बाद अनाज दुकानदार अगले महीने में खत्म होने वाले महीने का अनाज नहीं देते हैं.

## हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित



नालासोपारा। नालासोपारा पूर्व स्थित संयुक्त नगर में वसई विरार जिल्हा सचिव सचिन चौबे और उनकी पत्नी रितु चौबे ने नालासोपारा आचोले मंडल सचिव द्वारा आयोजित भव्य हल्दी कुमकुम समारोह जिसमें प्रमुख उपस्थित नालासोपारा विधानसभा के विधायक राजन नाईक, वसई विधानसभा की विधायक सौ.स्नेहा ताई दुबे, वसई विरार जिल्हा अध्यक्ष महेंद्र पाटील, वसई विरार जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सौ. कंचन झा, वसई विरार जिल्हा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विनीत तिवारी ,वरिष्ठ नेते जोगेंद्र प्रसाद चौबे ,प्रदेश महिला मोर्चा सचिव सौ.अपर्णा पाटिल ,महिला मोर्चा महामंत्री संध्या दुबे एवं कई पदाधिकारी उपस्थित रहे ऑर हल्दी कुम कुम का कार्यक्रम समाप्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शिक्षा जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का दूसरा दिन,फरीदुल हक मेमोरियल पी जी कॉलेज तालिमाबाद सबरहद शाहगंज जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शिक्षा जागरूकता रैली मजडीहा, डोमनपुर,उसरहट्टा, सबरहद गाव में निकाली गयी। शिक्षा के सामाजिक उत्थान में भूमिका से आम जनमानस को अवगत कराया। उसके बाद उनमें कापियाँ भी वितरित की गयी। उसके बाद भोजनोपरान्त बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस सत्र के मुख्य अतिथि डॉ सूर्य प्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम में अफरा, प्रिन्स कुमार, खुशी, अंजली ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही ऐसा अस्त्र है जिसके दवारा समस्त समस्याओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ राकेश सिंह,रेयाज अहमद, डॉ संजय यादव, धूरेन्द मौर्य, डॉ रविन्द्र यादव, डॉ विनय कुमार, गीता यादव सहित कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमित दयानाथ गुप्ता, डॉ अनामिका मिश्रा, डॉ शिव प्रसाद यादव, ओम प्रकाश चौरसिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

## बीआरपी इण्टर कालेज के कब्जा की गयी जमीन पर चला प्रशासन का बुलडोजर, भूमाफियों में मचा हड़कंप

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान की जमीन कब्जा करके कराये गये निर्माण पर आज जिला प्रशासन ने बुलडोजर से जमींदोज कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने दबंगों को चेतावनी दिया कि दुबारा कब्जा करने की कोशिश किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। कालेज प्रशासन ने इसकी शिकायत शनिवार को जिला प्रशासन से किया था इसके बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई तो रविवार को इन लोगों नगर विधायक व सूबे के मंत्री गिरीश चंद्र यादव से किया था। बीआरपी इण्टर कालेज 105 वर्ष पुराना विद्यालय है। इसकी बेशकीमती जमीन पर भू-माफियाओं की आंखे बीते कई वर्षो टीकी हुई है कई बार दबंगों द्वारा उस पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। एक बार फिर दबंगों द्वारा खुलेआम कालेज के मैदान को कब्जा करके दिवार खड़ा कर दिया गया शनिवार को बीआरपी व मुक्तेश्वर बालिका इंटर कालेज प्रबंधक प्रधानाचार्य, शिक्षकों व कर्मचारियों ने शनिवार को जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि उमरपुर निवासी गजेंद्र मोहन अस्थाना ने हल्का लेखपाल विक्रांत चौहान से मिलकर अपनी जमीन बताकर नापी कराई और जमीन को नगर के ताड़तला निवासी मुकेश सेठ की पत्नी सोनी सेठ को बेच दिया। राजस्व विभाग की मिलीभगत से अब मुकेश सेठ की ओर कब्जा किया जा रहा है। जबकि उनकी भूमि हाईवे में अधिग्रहीत की जा चुकी है। उपजिलाधिकारी ने कई बार नाप कराई। आरोप लगाया कि लेखपाल के पास तीन नक्शा है। वह पैसा लेकर आवश्यकता के अनुसार उन नक्शों का उपयोग कर रहा है। मांग किया कि स्थल की मान्य नक्शा से माप कराकर विद्यालय की जमीन को कब्जा से मुक्त कराएं। विद्यालय प्रबंधन ने मुख्यमंत्री से भी गुहार लगाई थी। रविवार की सुबह प्रबंधक दिलीप श्रीवास्तव, अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद अस्थाना, प्रधानाचार्य डाक्टर प्रमोद श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल नगर विधायक व राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। उनकी पहल पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, लेखपाल को बुलाकर विद्यालय प्रबंधन की शिकायत को सुना। उन्होंने नाराजगी जताते हुए मौके पर जाकर तुरंत अवैध निर्माण को ढहाने का आदेश दिया। इसके बाद एसडीएम सदर जमीन की नाप कराई और जेसीबी बुलाकर अवैध निर्माण को ढहा दिया।

## इलेक्रामा 2025 : भारत के ऊर्जा भविष्य को मिली नई दिशा

मुंबई। जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में अपनी यात्रा तेज कर रहा है और आत्मनिर्भर भारत के तहत एक वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, वैसे-वैसे बिजली क्षेत्र की भूमिका आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने में और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। इस बदलते परिदृश्य में, आईईईएमए (इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन) ने आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा 2025 की भव्य शुरूआत की। इलेक्रामा के 16वें संस्करण में भारत की विद्युत और ऊर्जा तकनीकों में क्षमता प्रदर्शित की गई है, जिससे इसकी भूमिका एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में और मजबूत होती है। भारत के माननीय मिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मनोहर लाल खट्टर ने इस भव्य उद्घाटन की शोभा बढ़ाई और उन्होंने भारत के ऊर्जा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सीईओओलिवर ब्लूम, सीमेंस स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के सीईओ मथियस रेबेलियस, आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी, इलेक्रामा 2025 के प्रेसिडेंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैनविक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ भूतोरिया जैसे उद्योग जगत के दूरदर्शी लोग भी शामिल हुए, जिन्होंने इलेक्ट्रिकल और बिजली क्षेत्र के भविष्य पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, भारत केमिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मनोहर लाल खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा, ग्रिड आधुनिकीकरण और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो राष्ट्र के विकसित भारत @2047 के लॉन्ग टर्म विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा, बिजली क्षेत्र से मिल रहे समर्थन के दम पर भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार, ग्रिड आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने और ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा।

## वसई विरारकर के लिए मेट्रो का सर्वे शुरू: स्नेहा दुबे




वसई। वसई विधानसभा की विधायक स्नेहा ताई दुबे पंडित की मांग और लगातार प्रयास से आखिरकार मेट्रो की सफलता मिल गई। वसई विरार मेट्रो के लिए सर्वे का काम शुरू हो गया। जैसे कि भायंदर खाड़ी से वसई विरार मेट्रो लाइन के लिए सर्वे का काम 23 किलोमीटर का हिस्सा मीरा रोड से वसई विरार तक होगा। वसई विरारकर की जनता ने स्नेहा दुबे को और महायुति की सरकार को धन्यवाद दिया। लोगों का मानना है कि विरार और मीरा भयंदर से मेट्रों की कनेक्टीवीटी से लोगों को आवागमन में राहत मिल जाएगी।

TSMH त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
डा० जयेश सिंह
एम.बी.बी.एस. एम.डी. पीडियाट्रिक्स
डी.एम. नियोनेटोलॉजी
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)
डा० स्पृहा सिंह
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabetes)
जनरल फिजिशियन एवं मधुमेह विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद
आयुष्मान कार्ड द्वारा नवजात शिशु, बच्चों एवं वयस्कों का निःशुल्क इलाज।
पूर्वांचल के एक मात्र सुपरस्पेशलिस्ट नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ
पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर | 05452-356274, 7992031213, 9026551423

जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
डा० नवीन कुमार सिंह
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिनियर रेजि. एल.बी.एस. हॉस्पिटल, नई दिल्ली
ए.एस.बी. हॉस्पिटल, नई दिल्ली
संजय गाँधी हॉस्पिटल, नई दिल्ली
पूर्व असि0 प्रोफेसर एच.आई.एम.एस. लखनऊ
डा० शिल्पी सिंह
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिनियर रेजि. एल.बी.एस. हॉस्पिटल, नई दिल्ली
ए.एस.बी. हॉस्पिटल, नई दिल्ली
संजय गाँधी हॉस्पिटल, नई दिल्ली
पूर्व असि0 प्रोफेसर एच.आई.एम.एस. लखनऊ
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सुविधा उपलब्ध
हड्डी रोग विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
प्रत्येक गुरुवार निःशुल्क ओ0पी0डी0
संपर्क करें- 6390303050
पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड, जौनपुर